"NAMO NARAYAN"

# M. K. Exim (India) Limited

CIN No.L63040RJ1992PLC007111
**Regd. Office** : G1/150, Garment Zone, E.P.I.P. Sitapura,Tonk Road, Jaipur-302022
Tel : +91-141-3937500/501 Fax : +91-141-3937502 Website : www.mkexim.com
E-mail : mkexim@gmail.com, mkexim123@gmail.com, info@mkexim.com

Dated: 15.11.2022

To
The Secretary,
Bombay Stock Exchange,
25th Floor,
P.J. Towers, Dalal Street,
Mumbai—400001

Subject: Newspaper Publication – Un-audited Standalone Financial Results for quarter ended 30.09.2022

Ref: Scrip code: 538890

Dear Sir/Madam,

With reference to the above, we are submitting herewith the newspaper publication of the Un-audited Standalone Financial Results for quarter ended 30.09.2022 approved in Meeting of Board of Directors held on 9[nt] November 2022 published in Financial Express (English) and Business Remedies (Hindi) edition.

We request you to kindly take the same on record.

Thanking You

Yours faithfully,

For M.K.Exim (India) Ltd

Prakriti Sethi

M. K. Exim (India) Limited ★ JAIPUR (INDIA) ★

Prakriti Sethi
Company Secretary
Compliance Officer

धर्म, दिल के या समाज के टुकड़े नहीं करता बल्कि टूटे दिल को व समाज को जोड़ने का काम करता है-महास्थवीर शांति मुनि

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 9 । अंक : 290 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

व्यापार एवं विकास की आवाज

मूल्य : 5 रुपए । पेज : 8 www.businessremedies.in दैनिक

जयपुर। गुरूवार 10 नवम्बर, 2022



162



# बतंगड़

## कवियत्री पर टिप्पणी की तो गवानी पड़ी कुर्सी

राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर रहे नेताओं की चर्चा की जाए तो भरतपुर जिले की वैर सीट से विधायक रहे जगन्नाथ पहाड़िया के नाम पर भी बात करनी होगी। 14 जनवरी 1932 को जन्मे जगन्नाथ पहाड़िया राजस्थान के अभी तक के इतिहास में प्रथम दलित मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त कर चुके है। हरियाणा के राज्यपाल रहते उन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों से सम्पर्क समाप्त नहीं किया। जगन्नाथ पहाड़िया मात्र 25 वर्ष की उम्र में सांसद बन गए। 6 जून 1980 से 14 जुलाई 1981 तक यानी 13 माह राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। पहाड़िया ने एक कार्यक्रम में सहज भाव से कवियत्री महादेवी वर्मा पर टिप्पणी कर दी थी जो देश भर में मुद्दा बन गया और उन्हे पद त्याग करना पड़ा।

वर्ष 1957 में पहाड़िया सवाईमाधोपुर सीट से कांग्रेस से सांसद बने। जीवन पर सच्चे कांग्रेसी रहे पहाड़िया की पहचान गांधी टोपी रही। लोकसभा में सबसे युवा सांसद रहे और राजस्थान में पूर्ण शराबबंदी लागू कर उन्होंने मिसाल प्रस्तुत की। चार बार सांसद और चार बार विधायक रहे पहाड़िया की पत्नी शांति पहाड़िया भी सांसद रही है। 3 मार्च 1989 से 2 फरवरी 1990 तक बिहार और 2009 से 2014 तक हरियाणा के राज्यपाल रहते उन्होंने भरतपुर जिले के लोगों से सम्पर्क खत्म नहीं किया। वर्ष 1957, 1967, 1971 और 1980 में सांसद रहे पहाड़िया वर्ष 1980,1985, 1999, 2003 में विधायक रहे। 2003 में उन्होंने भरतपुर से सांसद रहे गंगाराम कोली को वैर विधानसभा सीट पर चुनाव हराया लेकिन 2008 के विधानसभा चुनाव में पहाड़िया के पुत्र संजय ने कांग्रेस से वैर सीट पर चुनाव लड़ा परन्तु वे तीसरे नंबर पर रहे। उस समय बहादुर कोली विजयी हुए और बसपा के अतरसिंह पगरिया दूसरे स्थान पर। इस चुनाव के बाद वर्ष 2013 में भी बहादुर कोली (भाजपा) से ही जीते लेकिन 2014 व 2018 का चुनाव कांग्रेस के भजन लाल जाटव ने जीता। पहाडिया परिवार ने 2008 के बाद कोई चुनाव नहीं लड़ा। जगन्नाथ पहाड़िया कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व केंद्र सरकार में उपमंत्री भी रहे। उन्हें इंदिरा गांधी की सरकार में वित्त, उद्योग और श्रम, कृषि विभाग के मंत्री रहे। शांति पहाड़िया राज्य सभा सदस्य रही और वैर विधानसभा सीट से वर्ष 1980 और 1998 में कांग्रेस विधायक रही। 19 मई 2021 को जगन्नाथ पहाड़िया ने आखरी सांस ली। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पहाड़िया से मुलाकात के दौरान प्रभावित होकर कांग्रेस का टिकट दे दिया। वे संजय गांधी के भी निकटस्थ रहे।

**उमेन्द्र दाधीच**
**@ बिज़नेस रेमेडीज**

# 'इंडिया स्टोनमार्ट 2022' का आगाज आज

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगें उद्घाटन

### जयपुर के जेईसीसी में 10 से 13 नवम्बर तक होगा आयोजन, देश-विदेश के लगभग 350 प्रदर्शक लेंगे हिस्सा





**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** इंडिया स्टोनमार्ट 22 (आईएसएम) के 11 वें संस्करण का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री, अशोक गहलोत 10 नवम्बर को करेंगे। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन 10 से 13 नवंबर तक जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में जयपुर एग्जीबिशन और कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में किया जा रहा है। यह जानकारी रीको के प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद नकाते ने दी।

11th INDIA STONEMART 2022 Stone for Sustainability

इस अवसर पर राजस्थान सरकार की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, राजस्थान सरकार के खान एवं पेट्रोलियम मंत्री, प्रमोद जैन भाया, आरएसआईसी के चेयरमैन, राजीव अरोड़ा, राजस्थान सरकार की मुख्य सचिव, उषा शर्मा, मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार अरविंद मायाराम, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग, वीनू गुप्ता, खान एवं पेट्रोलियम, अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ. सुबोध अग्रवाल, चेयरमैन, रीको और सीडीओएस, कुलदीप रांका, प्रबंध निदेशक, रीको, शिवप्रसाद नकाते, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल, फिक्की, मनब मजूमदार, फिक्की, राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन, अशोक कजारिया, उपाध्यक्ष, सीडीओएस, राकेश कुमार गुप्ता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीडीओएस, मुकुल रस्तोगी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि 'इंडिया स्टोनमार्ट 2022', स्टोन इंडस्ट्री की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी होगी, जिसमें प्राकृतिक पत्थरों, सहायक उत्पादों और सेवाओं की दुनिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन स्टोन इंडस्ट्री के विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं को एक साथ लाएगा। साथ ही खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आर्किटेक्ट्स, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट 2022 दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांड छवि को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शकों को एक आदर्श मंच प्रदान करेगा और साथ ही उनके व्यापार के दायरे और संभावनाओं को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक संबंध और नेटवर्किंग स्थापित करने का अवसर देगा।

भारत और विदेशों से लगभग 345 प्रदर्शकों के भाग लेने की उम्मीद है, जो कि 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भी होंगे। गुजरात और ओडिशा के भी अपने स्टेट पवेलियन होंगे। अंतरराष्ट्रीय पवेलियन में तुर्की, ईरान और पुर्तगाल द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इटली और चीन से भी आयोजन में भागीदारी की पुष्टि की गई है। आईएसएम 2022 में कुल 35 विदेशी प्रदर्शक शामिल होंगे।

पिछले संस्करणों की तरह एक ही छत के नीचे प्राकृतिक पत्थरों, क्वाट्र्ज पत्थर के स्लैब, खनन और प्रोसेसिंग मशीनरी, हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी, उपकरण, उपभोग्य वस्तुओं का व्यापक प्रदर्शन होगा। इंडिया स्टोनमार्ट 2022 में व्यापार प्रतिनिधिमंडल और विभिन्न देशों और भारत के अन्य हिस्सों से बड़ी संख्या में ट्रेड विजिटर्स/ बायर्स के आने की उम्मीद है। अब तक 47 देशों के 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय आगंतुक पहले ही मार्ट में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इसके दौरान आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रम जयपुर आर्किटेक्चरल फेस्टिवल, बायर-सैलर मीट और शिल्पग्राम होंगे। रीको के प्रबंध निदेशक, शिवप्रसाद नकाते ने आगामी मेगा ईवेंट की व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी। उन्होंने ले-आउट, लॉजिस्टिक अरेंजमेंट, आर्किटेक्चर फेस्टिवल, ब्रांडिंग आदि के संबंध में रीको, सीडीओएस और फिक्की के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे।

# मुक्केबाजी एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मैडल

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** तीन दिवसीय 66वीं जिला स्तरीय मुक्कबाजी एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबला माउंट लिट्रा स्कूल में सम्पन्न हुए।

संस्था निदेशक अरूण मांडोत ने बताया कि मुक्केबाजी एवं ताइक्वांडो के फाईनल का शुभारम्भ मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बार्ड के तकनीकी सलाहकार डॉ. दीपेन्द्र सिंह एवं डॉ. हेमराज सिंह ने कराया। प्रशिक्षक वर्धमान सिंह, नरूका सिंह नरूका ने बताया कि मुक्कबाजी के फाईनल



मुकाबले में गजेंद्र सिंह भाटी, हिमांशु छाजेड़, कार्तिकेय सिंह चौहान, काव्यांश, चंचल, कनिका, रूद्र, लक्ष्यराज, दीपक ने गोल्ड मैडल जीता। इस प्रतियोगिता में 22 विद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनित मुक्केबाज खिलाड़ी सीकर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रेमलता शुक्ला को पी.एच.डी अवार्ड

कोटा। कैरियर पाइंट यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रेमलता शुक्ला को पीएचडी अवार्ड की गई है। इनके शोध का विषय अभिभावकों की बढ़ती हुई आकांक्षाओं का कोचिंग विद्यार्थियों पर पढ़ने वाले मानसिक तनाव के प्रभाव का अध्ययन था। प्रेमलता शुक्ला ने अपना शोध कार्य जवाहर लाल नेहरू शिक्षा शास्त्री शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय सकतपुरा कोटा की प्राचार्य डॉ. अंजना व्यास के निर्देशन में पूरा किया है।

# बोडेस ब्यूटी ने जयपुर में लॉन्च किया अपना नया एक्सपीरियंशल स्टोर

## दुनिया के बेहतरीन ब्यूटी ब्रांड्स की मौजूदगी वाला ग्लोबल ब्यूटी हब है बोडेस ब्यूटी

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** देश के अग्रणी ओमनी चैनल मल्टी ब्रांड ब्यूटी रिटेलर बोडेस ब्यूटी ने जयपुर के बाजार में अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए अपना नया एक्सपीरियंशल स्टोर खोला है। अपने प्लेटफॉर्म पर 200 से अधिक ब्यूटी ब्रांड्स की उपस्थिति वाले बोडेस की ऑनलाइन लॉन्चिंग भी बेहद सफल रही थी। गुरुग्राम में उनका लक्स ब्यूटी स्टोर भी है। अब त्यौहारों के शुभ अवसर पर बोडेस ब्यूटी ने गुलाबी नगर जयपुर में भी प्रवेश कर लिया है।

लॉन्चिंग के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक पाटनी ने एक्सपीरियंशल बोडेस ब्यूटी स्टोर का उद्घाटन किया। इस




कॉन्सेप्ट के स्टोर में स्किन एनालाइजर के रूप में मैजिक मिरर मौजूद है। सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट्स से युक्त मेक-ओवर स्टेशन है, विश्वस्तरीय ब्यूटी एडवाइजर्स हैं जो ग्राहकों की सभी तरह की त्वचा संबंधी चिंताओं का समाधान करते हैं और देश और दुनिया के बेहतरीन ब्यूटी ब्रांडस भी स्टोर पर उपलब्ध हैं। इस मौके पर जयपुर की नामचीन हस्तियां अनंदिता अग्रवाल, आकांक्षा बक्शी और मेघा सेठी भी उपस्थित रहीं।

अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में ब्यूटी सेग्मेंट के चुनिंदा ब्रांड्स के साथ यह सही मायने में ग्लोबल ब्यूटी हब है। इसमें अमेरिका का सेलिब्रिटी ब्यूटी एंड नंबर वन ब्रो ब्रांड एनस्तासिया बेवरले हिल्स, लग्जरी ब्रिटिश स्किनकेयर ब्रांड नील्स यार्ड रेमेडीज, अवॉर्ड विनिंग फार्म टू स्किन ब्रांड ज्यूस ब्यूटी, इनोवेटिव कॉस्मेटिक्स ब्यूटी ब्रांड एवोन, अमेरिका के सेलिब्रेटेड यूट्यूबर और मेकअप मुगल जेफ्री स्टार, सुपर मॉडल मिरांडा केर का कोरा ऑर्गेनिक्स, नेचुरल स्किनकेयर ब्रांड कौडली, कोरियन लग्जरी स्किनकेयर ब्रांड्स सुलवासूए लेनेजए इनिसफ्री और कई जानेमाने ब्रांड्स यहां पर मौजूद हैं।

पसंदीदा अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी ब्रांड्स के अलावा स्टोर पर बड़ी संख्या में लोकप्रिय भारतीय ब्रांड्स की रेंज भी है, जिनमें मामाअर्थ, शुगर कॉस्मेटिक्स, एमकैफीन, कलरबार, प्लम, मिनिमलिस्ट आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। लग्जरी फ्रेंग्रेंस ब्रांड्स सल्वाटोर फेरागामो, मार्क जैकब्स, चोपार्ड आदि भी स्टोर पर प्रीमियम ऑफरिंग्स के साथ उपलब्ध हैं। शादियों और पार्टियों का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में ब्यूटी प्रॉडक्ट्स को लेकर उत्साही जयपुरवासियों के लिए सौंदर्य से जुड़े इन ब्रांड्स को महसूस करने का यह बेहतरीन समय है। ब्यूटी प्रोडक्ट्स की शॉपिंग के लिए तैयार उत्साही लोगों के लिए बोडेस स्टोर बेहतरीन जगह है। यहां न केवल शादियों और पार्टियों में खूबसूरती बिखेरने के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं, बल्कि गिफ्ट देने और ब्यूटी सैलून के लिए भी बेहतरीन खरीदारी की जा सकती है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने सिरोही में किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष सीण्पीण् जोशी एवं क्षेत्रीय विधायक श्री संयम लोढा ने सिरोही में शिवगंज तहसील के मनादर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने कहा कि विधायक लोढा अपने क्षेत्र की जन समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव प्रय शील रहते है इसके लिए वे बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विधायक अपने क्षेत्र की आम जनता के दुःखो एवं तकलीफमें साथ खडा रहता है उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्षरत रहता है वही विधायक अपने क्षेत्र की जनता की आवज होता है। उन्होंने इस कार्य म में आमंत्रित करने के लिए विधायक लोढा का आभार जताया।

विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए आमजन को आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारे। उन्होंने कहा कि सरकार की किसी भी लाभकारी योजना से लाभान्वित होने के लिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति पढा लिखा हो तभी उसे योजना की जानकारी हो सकेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को आव्हान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पात्र व्यक्ति पहचान कर उसे सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करें।

# मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक एक जनवरी, 2023 के अंतर्गत घोषित मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में बुधवार 9 नवम्बर को राज्य के कुल 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 50 हजार 892 मतदान केन्द्रों की एकीकृत प्रारूप मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया गया। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 21-सरदारशहर, जिला चूरू में उप चुनाव की घोषणा के कारण इस विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन वर्तमान में नहीं किया जा रहा है।

# सुरेंद्र सिंह प्रदेश महासचिव, महिपाल सिंह जिलाध्यक्ष मनोनित

**बिजनेस रेमेडीज़/भीलवाड़ा।** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष विश्वबंधु सिंह राठौड़ ने बताया कि सेना के तत्कालीन भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पांसल को प्रदेश महासचिव के पद पर वही जिलाध्यक्ष पद पर महिपाल सिंह कमेरी को नियुक्त किया है।


**M.K. EXIM (INDIA) LIMITED**

Reg. Office: G-1/150, Garment Zone, E.P.I.P. Sitapura, Tonk Road, Jaipur -302022
CIN: L63040RJ1992PLC007111
E-mail:mkexim@gmail.com, website: www.mkexim.com, TEL NO. 0141- 3937501

**Annexure XI**

**"EXTRACT OF THE STANDALONE UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2022"**

(Rs. in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended 30.09.2022 | Quarter Ended 30.06.2022 | Quarter Ended 30.09.2021 | Half Year Ended 30.09.2022 | Half Year Ended 30.09.2021 | Year Ended 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations | 2707.74 | 2179.44 | 1492.80 | 4887.18 | 3349.18 | 7424.92 |
| Net Profit/(Loss) for the period (Before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 555.56 | 249.41 | 423.76 | 804.96 | 751.87 | 1783.58 |
| Net Profit/(Loss) for the period Before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 555.56 | 249.41 | 423.76 | 804.96 | 751.87 | 1783.58 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 416.67 | 187.05 | 317.81 | 603.72 | 563.90 | 1324.56 |
| Total comprhensive income for the period (comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 416.67 | 187.05 | 317.81 | 603.72 | 563.90 | 1324.56 |
| Equity Share Capital | 2691.15 | 2691.15 | 897.05 | 2691.15 | 897.05 | 2691.15 |
| Reserves (Excluding Revaluation Reserve as show in the Balance Sheet of Previous Year) | | | | | | 2288.91 |
| Earning Per Share (of face value Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) Basic: | 1.55 | 0.70 | 3.54 | 2.24 | 6.29 | 4.92 |
| Diluted: | 1.55 | 0.70 | 3.54 | 2.24 | 6.29 | 4.92 |

NOTE:- 1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the Stock Exchnges under Regulation 33 of SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Finacial Results Standalone/Consolidated are available on the websites of Bombay Stock Exchanges at http://www.bseindia.com and also on the Company's website at http:www.mkexim.com

By Order of the Board
For M.K. EXIM (INDIA) LTD.
sd/-
Murli Wadhumal Dialani
(Director)
DIN : 0008267828

Place:MUMBAI
Date: 09.11.2022


# 'असलियत'

जीवन की राहें टेढ़ी-मेढ़ी होनी चाहिए, क्योंकि सीधी सपाट रोड पर आगदमी बिंदास होकर चलता है जबकि कर्व (मोड़) उसे सावधान कर देते हैं। सजग रहने वाला कहीं ठुकराया नहीं जाता, ठोकर नहीं खाता। हकीकत में जीवन की परिभाषा सतत् जागरण है। सजगता में अघटित घटित नहीं होता। वो अपने लक्ष्य की मीनार पर चढ़ जाता। प्रभू महावीर ने होश और हौंसले से परिषह और उपसर्गों के कई घाट जागरण से पार किए और मंजिल के मालिक बने। बांसुरी को देखिए सीधी थी ना, तो सीने पर जख्म झेलकर किसी के होठों से लग सकी। हीरे के कितने आड़े टेढ़े कोण हुए तब वो सुहागिन के सिर पर शोभित हो पाया। सीधी लकड़ी तो बेचारी कोने में पड़ी रहती है या कुत्ते के डराने में काम भले ही आओ। लेकिन जीवन का सीधापन इन टेढ़ी-मेढ़ी राहों को भी पार लगा देगा। इसे हमेशा याद रखना। गौतम सीधे थे गौशालक टेड़ा। आज गौतम मंगल के रूप में सम्मानित किये जाते हें गौशालक कोई अपने बच्चे का नाम भी रखना पसन्द नहीं करते।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

# महिला सशक्तिकरण पर की चर्चा




**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** फोर्टी वूमेन विंग द्वारा अध्यक्ष रानू श्रीवास्तव और जनरल सेक्रेटरी ललिता कुच्छल की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण पर एक चर्चा रखी गई, जिसमें मुख्य अतिथि मिस अलमास जीवानी अंतराष्ट्रीय फेम प्रेजिडेंट ऑफ, मेरिटस यू एन वूमेन कनाडा, सीईओ ऑफ अलमास जीवानी फाउंडेशन रही। जिन्होंने अपनी सफलता से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा कर महिलाओ को बताया कि कैसे मुश्किलों का सामना कर वह आज एक सफल हुई है, इसी तरह से सभी को महिलाओं को सफलता पाने के लिए हर संभव प्रयत्न करना चाहिए। चर्चा में लैंगिक समानता तथा महिला सशक्तिकरण के विषय में भी चर्चा की गई।

मिस जिवानी के अनुसार राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास कार्यों ने साबित कर दिया है कि महिलाओ की स्थिति और भूमिका सबसे अच्छी है। महिलाएं एक राष्ट्र की आर्थिक विकास की क्षमता का सूचक और समाज के जीवन स्तर को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण कारक है।

# जीएसटी दरों में कमी समेत कई मांगों का पूरा होना राजसमंद समेत सारे राजस्थान की मिनरल इंडस्ट्री के लिए बेहद आवश्यक

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** प्रदेश के 33 जिलों में से 23 जिलों में मिनरल इंडस्ट्री लाखों लोगों के रोजगार का साधन है। वर्तमान में मार्बल-ग्रेनाईट पर 18 फीसदी की भारी दरें समेत कई सारी मांगों का पूर्ण होना इस इंडस्ट्री की ग्रोथ के लिए बेहद आवश्यक है। क्योंकि यह इंडस्ट्री मांग में कमी और कई अन्य समस्याओं से जूझ रही है। इस संदर्भ में बिजनेस रेमेडीज की टीम ने मार्बल गेंगसा एसोसिएशन, राजसमंद के अध्यक्ष रवि शर्मा से इंडस्ट्री में व्याप्त समस्याओं और संबंधित मांगों के संबंध में जानकारी हासिल की।



**रवि शर्मा**
अध्यक्ष,मार्बल गेंगसा एसोसिएशन, राजसमंद



**जीएसटी संबंधित समस्या एवं मांगः** जीएसटी की अधिक दरों के चलते प्रदेश में मार्बल एवं ग्रेनाइट माईनिंग-प्रोसेसिंग संबंधित लघु आकार की इकाईयां बंद हो रही हैं जिससे बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो रहे हैं। गौरतलब है कि अधिक जीएसटी के कारण मांग में हुई कमी के चलते मार्बल का उत्पादन वर्ष 2017-18 के 64.43 लाख टन के मुकाबले वर्ष 2020-21 में घटकर 39.01 लाख टन रह गया है। क्योंकि वर्तमान जीएसटी की दर 18 फीसदी के मुकाबले पूर्व मे वैट की दरें महज 5 फीसदी थी। 2020-21 के मार्बल उत्पादन 39.01 लाख टन में 10 लाख टन खंडा का उत्पादन था। मार्बल और ग्रेनाइट को मैनमेड विट्रिफाइड टाइल्स, सिरेमिक और क्वाटर्ज इत्यादि से भारी प्रतिस्पर्द्धा झेलनी पड़ रही है, क्योंकि रेड्डी टू यूज होने के कारण इनको लगाने की लागत अपेक्षाकृत कम होती है। मार्बल की शुरुआती रेंज 5 से 10 रुपये प्रति वर्ग फुट से शुरू होती है। वहीं ग्रेनाइट की रेंज 40 रुपये प्रति वर्ग फुट से शुरू होती है, जिसमें 30 रुपये प्रति वर्ग फुट कटाई का खर्च आ जाता है। मार्बल-ग्रेनाइट की री-कटिंग, पोलिशिंग और लैबर इंसेटिव पर भी खर्च होता है। इसलिए मार्बल-ग्रेनाइट को विट्रिफाइड टाईल्स की जीएसटी श्रेणी में रखना न्यायसंगत नहीं है। उक्त तथ्यों के आधार पर राजसमंद समेत समस्त राजस्थान की मार्बल-ग्रेनाइट इंडस्ट्री मांग है कि मार्बल-ग्रेनाइट पर लागू 18 फीसदी जीएसटी से घटाकर 5 फीसदी किया जाना बेहद आवश्यक है।

**उद्योग विभाग से संबंधित समस्या और मांगः** 1. राजस्थान भू-राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन) नियम,2018 के नियम में यह प्रावधान किया गया है कि उक्त नियम के अंर्तगत औद्योगिक प्रयोजनार्थ आवंटित भूमि का उपयोग कब्जा प्राप्ति के दो वर्ष में किया जाना होगा। इस नियम -7 के साथ परन्तुक जोड़ा गया है कि अगर आवंटी द्वारा भूमि का उपयोग दो वर्ष में नहीं किया जाता है तो राज्य सरकार कालावधि को बढ़ा सकेगी और ऐसे मामले में आवेदक खंड आयुक्त के माध्यम से आवेदन करेगा जो मामले की परीक्षा के पश्चात उसे अपनी टिप्पणी के साथ राज्य सरकार को अग्रेसित करेगा। परन्तु परन्तुक अधिसूचना दिनांक 02.01.2018 से जोड़ा गया है।

(राजस्व (ग्रुप-8) विभाग अधिसूचना क्रमांक एफ 1.(58) राज. 6/2017/01/ जयपुर दिनांक 02/01/2018 के अनुसार अभी वर्तमान में ऐसे प्रकरण आंवटन अधिकारी द्वारा सीधे ही सरकार को भिजवाने बाबत संदर्भित अधिसूचना अनुसार निर्देशित किया गया है जिस से जिन उद्योग ने अवधि नियमन नहीं करवाया है, उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वें विस्तार नहीं कर पा रहे हैं।

इस समस्या से राजसमंद ही नहीं बल्कि प्रदेश अन्य मिनरल इंडस्ट्री से जुड़े क्षेत्र प्रभावित हैं। कई बार इस संबंध में इंडस्ट्री से संबंधित एसोसिएशनों से सरकार को इस समस्या से अवगत भी करवाया है। इस संबंध में मांग है कि इस तरह के औद्योगिक क्षेत्र आंवटन विलम्ब अवधि के नियमन वाले मामलों में बार एमनेस्टी स्कीम लाई जाए एवं डीआईसी लैवल पर नियमन किया जाए,जिससे समस्त राजस्थान में उद्योग लगने में गतिशीलता आये एवं राज्य के सभी उद्यमियों को राहत मिल सके।

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संबंधित समस्याएं एवं मांग :**

**1. इंडस्ट्री का पुनर्वर्गीकरणः** वर्तमान में मार्बल-ग्रेनाइट कटिंग एवं पॉलिशिंग ओरेंज कैटेगरी में आती है जिसे की ग्रीन कैटेगरी में किया जाना चाहिए। राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा वर्ष 2018 में पुनर्वर्गीकरण किया गया परन्तु उनके द्वारा सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की गाइडलाइन 2012 की ली गई जबकी 2016 की गाइडलाइन से पुनर्वर्गीकरण करते तो मार्बल, ग्रेनाइट एंड कटिंग गीन कैटेगरी में आते। जिससे ईज ऑफ डूंइग बिजनेस को बढ़ावा मिलता।

**2. स्लरी डंपिंग यार्ड संबंधित राज्य नीतिः** राज्य के 33 जिलों में से 23 जिलों में होने वाली मिनरल संबंधित गतिविधियों को सूचारू रूप से चलाने के लिए स्लरी डंपिंग यार्ड संबंधित राज्य नीति निर्माण की बेहद आवश्यकता है। इसके अभाव में स्थानीय स्तर पर मिनरल संबंधित कारोबारियों को काफी सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## सोलर यूनिट पर ईडी चार्ज करने में संबंध में मिला स्टे

मार्बल गेंगसा एसोसिएशन, राजसमंद द्वारा सोलर जनरेशन की यूनिट पर लगाई गई ईडी के संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। याचिका एस.बी. सिविल रिट पिटिशन सं. 16357/2022 में दिनांक 04/11/2022 को हियरिंग में चार्ज करने पर स्टे मिल गया है। याचिका में पिटिशनर एसोसिएशन के 56 सदस्यों को स्टे मिल गया है।

**3. मार्बल स्लरी ड्रायिंग प्रोजेक्टः** आरएसपीसीबी के अन्र्तगत प्रोजेक्ट में मार्बल स्लरी को ड्राई किया जाता है,जिसमें वर्तमान में मार्बल पाउडर की कीमतें मुश्किल से 20 रुपये प्रति टन होती हैं तो इसे 1000 रुपये प्रति टन तक लाया जाना चाहिए, जिससे राज्य सरकार को अधिक जीएसटी आय प्राप्त हो सके।

4. आरएसपीसीबी के फॉर्म की ऑनलाईन फिलिंग को आसान किया जाना चाहिए, जिसे उद्यमी कंस्लटेंट द्वारा भरवाते हैं। इसे इंडस्ट्री की सलाह से यूजर फ्रेंडली बनाया जाना चाहिए।

5. माईंस की जमीन पर 33 फीसदी प्लांटेशन करने की शर्त हटाई जानी चाहिए और इंडस्ट्री एसोसिएशन को इस बाबत पर्याप्त जगह प्रदान की जानी चाहिए,जिससे वांछित मात्रा में वृक्षारोपण किया जा सके।

6. मार्बल के गिरते उत्पादन को रोकने के लिए और मांग में वृद्धि के लिए सरकारी कंस्ट्रक्शन कार्यों में प्रदेश के डायमेंशन स्टोंस के इस्तेमाल को अनिवार्य करने की शर्त लागू की जानी चाहिए।

**7. कोबल्सः** सरकारी विभागों को चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को ग्रेनाइट कोबल्स से निर्मित किया जाना चाहिए, जिससे बहुत सी छोटी ग्रेनाइट इकाईयों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके और बड़ी संख्या में रोजगार भी उपलब्ध हो सकें।

**8. डोलोमाईट/मार्बल ग्रेनाइट यूनिट्सः** मार्बल /डोलोमाईट पाउडर विभिन्न इंडस्ट्री में काम आता है। वर्तमान गेंगसा और कटर पर दूरी और वॉटर बॉडी के मानदडों को हटाकर ग्राईडिंग यूनिट लगाने को मंजूरी दी जानी चाहिए। जिससे वें वेस्टेज का इस्तेमाल कर सकें और कुछ राजस्व अर्जित कर सकें। वर्तमान में वें क्रेजी और खंडा के रूप में इसकी बिक्री करते हैं।

**माईंस एवं जियोलॉजी विभाग से संबंधित समस्याएं और मांगः**

1. जनवरी,2020 से गेंगसॉ एवं गोडाउन से क्रेजी और खंडा का उठाव नहीं हुआ है जो कि मार्बल की सॉविंग, ड्रेसिंग एवं एजकटिंग के दौरान प्राप्त हुए हैं। इस समस्या का समाधान किया जाना आवश्यक है।

2. कई बार रिमाईंडर देने के बाद भी विभाग ने इस संबंध में कोई एक्शन नहीं लिया है क्योंकि विभिन्न डीलरों को कम कीमत पर लाखों टन की टीपी जारी की जा चुकी है। पिछले दो वर्षों में 1500 से ज्यादा लैबर इस समस्या के चलते बेरोजगार हो चुकी है। बड़ी मात्रा में स्टॉक जमा हो गया है।

3. गोटन और खारीया खंगार में वॉल पुट्टी मैकिंग इकाईयों को राजसमंद से 1.5 लाख टन प्रति माह खंडा और क्रेजी का और उदयपुर की मार्बल पाउडर ग्राईडिंग यूनिट्स में डिस्पैच होता है। इसलिए पहले से रॉयल्टी पैड मैटेरियल वैस्ट पर टीपी हटाई जानी चाहिए।

4. बहुत से लोगों को माईनिंग इंजीनियर द्वारा टीपी जारी किए जाने से राजसमंद में कृषि भूमि पर गैरकानूनी डंपिंग यूनिट्स स्थापित हो रही हैं। सरकार को जीएसटी का नुकसान भी हो रहा है। इस मामले में सरकार को गंभीरता से नीति बनानी चाहिए।

5. कोबल्स निर्माण इकाईयों के लिए रॉयल्टी से छूट मिलनी चाहिए। इसके लिए विशेष स्थान पर निर्माण गतिविधियां शुरू की जानी चाहिए, जिससे अधिक रोजगार उत्पन्न किया जा सके। क्योंकि इसमें कम निवेश में काम शुरू किया जा सकता है।

# स्टोन निर्यात में कई फायदे मिलते हैं स्टोन टेस्टिंग के, इसके लिए अधिकृत संस्था है 'सीडोस'

**जयपुर।** देश में बढ़ते स्टोन निर्यात कारोबार के लिए विदेशों में वांछित नियमों की पालना आवश्यक है और इसके लिए टेस्टिंग रिपोर्ट सर्पोटिंग टूल की तरह काम आ सकती है। स्टोन माईनिंग और प्रोसेसिंग उद्योग अर्थव्यवस्था को नये आयाम देने के साथ लाखों लोगों को रोजगार मुहैया करवा रहा है। वहीं विदेशी मुद्रा को देश में लाने में भी स्टोन निर्यात की अहम भूमिका है। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशों में स्टोन टेस्टिंग की रिपोर्ट स्टोन के अच्छे भाव दिलाने के साथ निर्यात कारोबार को स्थायित्व देने में भी अहम साबित होती है। रीको और स्टोन कारोबारियों के मार्गदर्शन व सहयोग से सेंटर फोर डवलमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडोस) का संचालन किया जा रहा है।



**सीडोस की शुरुआत :** सीडोस की स्थापना स्टोन ट्रेड को वैज्ञानिक सहायता मुहैया करवाने एवं स्टोन कारोबारियों को टेस्टिंग सुविधा मुहैया करवाने के लिए वर्ष 1998 में शुरू की गई थी। सीडोस के स्टोन टेस्टिंग लेबोरेट्री में पूरे देश से प्रतिवर्ष करीब 900 टेस्टिंग होती हैं। सीडोस की टेस्टिंग लैब में मुख्य रूप से स्टोन के फिजियो मैकेनिकल टेस्ट और केमिकल टेस्ट होते हैं। इनमें फिजियो मैकेनिकल टेस्ट देश की टेस्टिंग नियामक और जांच संस्था (एनएबीएल) से अधिकृत हैं। वैश्विक स्तर पर स्टोन को निर्यात करने में स्टोन टेस्टिंग काफी अहम है और सीडोस भारत की एकमात्र ऐसी संस्था है जो विस्तृत स्तर पर स्टोन टेस्टिंग की सुविधा किफायती दरों पर मुहैया करवा रही है।

**ये टेस्ट प्रमुखता से होते हैं सीडोस की लैब मेंः** सीडोस की टेस्टिंग लैब में एएसटीएम, ईएन एवं आईएस टेस्ट स्टेण्डर्ड से फिजिको मैकेनिकल एवं केमिकल टेस्ट मुख्य रूप से होते हैं। फिजियो मैकेनिकल टेस्ट की एएसटीएम टेस्ट स्टेण्डर्ड श्रेणी में बल्क डेनसिटी, बल्क स्पेसिफिक ग्रेविटी, वॉटर अबर्सोबशन, मॉड्यूल ऑफ र्‍यूपचर, कंप्रेसिव स्ट्रैन्थ, अब्रेशन रेसिस्टेंस, फ्लेक्सयूरल स्ट्रैन्थ, वॉटर अबर्सोबशन ऑफ स्लेट, स्लिप रेसिस्टेंस, स्लेक ड्यूराबिलिटी, ग्लोस इत्यादि टेस्ट होते हैं।

फिजियो मैकेनिकल टेस्ट की ईएन टेस्ट स्टेण्डर्ड श्रेणी में वॉटर अबर्सोबशन, कंप्रेसिव स्ट्रैन्थ,अब्रेशन रेसिस्टेंस, फ्लेक्सयूरल स्ट्रैन्थ अंडर कॉन्सट्रेड लोड, फ्लेक्सयूरल स्ट्रैन्थ अंडर कंस्टेंट मूवमेंट, एनर्जी ऑफ र्‍यूपचर, सॉल्ट क्रिस्टलाईजेशन, स्लीप रेसिस्टेंस, फ्रोस्ट रेसिस्टेंस, कंप्रेसिव स्ट्रैन्थ प्री एंड पोस्ट फ्रीज थॉ, फ्लेक्सयूरल स्ट्रैन्थ प्री एंड पोस्ट फ्रीज थॉ, थर्मल शॉक, वॉटर अबर्सोबशन कॉऐफिसियेंट बाई केपिलेरिटी, विजुअल ऐपिरियेंस और टेक्टिलिटी जैसे टेस्ट होते हैं। अन्य टेस्टों में रिबॉउंड हार्डनेस और मोहस हार्डनेस जैसे टेस्ट होते हैं। वहीं केमिकल टेस्ट में छः रेडिकल टेस्ट करते है इसमें $S10_2$, Mgo, Cao, $Al_203$, $Fe_20_3$, Loi है।

# 'Concord Powertech Solutions' की विशेष प्रस्तुति

## Crane सेगमेंट में जर्मनी और इटली के क्वालिटी गियर बॉक्स

### अब कंपनी के पास सभी स्पेयर पार्ट्स हैं वर्ष भर उपलब्ध

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** स्टोन एवं ग्रेनाइट प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में काम आने वाली मशीनों जैसे लाईन पॉलिशर, रेजिन/इपोक्सी प्लांट, ईओटी/गेंट्री क्रेन इत्यादि के साथ विस्तृत प्रकार की मैन्यूफेक्चरिंग मशीनों में मोटर्स, गियर बॉक्स व अन्य इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल सबसे आवश्यक होता है। जयपुर आधारित कोनकॉर्ड पॉवरटेक सॉल्यूशंस राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिटी मोटर्स, गियर बॉक्स व अन्य इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स मुहैया करवा रही है। स्टोनमार्ट में विशेष प्रस्तुति के संदर्भ में बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कोनकोर्ड पॉवरटेक सॉल्यूशंस के संस्थापक जीतेन्द्र अरोड़ा से मिलकर कारोबारी शुरुआत, कारोबारी गतिविधियां, कंपनी के उत्पाद और स्टोनमार्ट में विशेष प्रस्तुति जैसे विषयों के संबंध में जानकारी हासिल की।



**जीतेन्द्र अरोड़ा**
संस्थापक
कोनकोर्ड पॉवरटेक सॉल्यूशन

**कारोबारी शुरुआतः** मैकेनिकल इंजीनियर जितेन्द्र अरोड़ा ने Rotomotive, con-titech, Elecon & Fenner जैसी वैश्विक कंपनियों में काम करके वृहद अनुभव हासिल किया। इसके बाद वर्ष 2015 में उन्होंने कोनकोर्ड पॉवरटेक सॉल्यूशन की स्थापना की।

**कंपनी की कारोबारी गतिविधियांः**अरोड़ा ने बताया कि उनकी कंपनी कोनकोर्ड पॉवरटेक सॉल्यूशन ने जर्मनी और इटली की प्रमुख कंपनियों के Gearbox और Moters सॉल्यूशन देने वाली विश्व की प्रमुख कंपनियों के उत्पाद प्रमुखता से मुहैया करवा रही है। कंपनी के Gearbox and Motors gran-ite & stone industry (LPM, Resign, EOT, Hoist, Multi, Cranes) में प्रयोग किये जाते हैं। कंपनी 90 प्रतिशत Business Oem customers को cater करती है। उनके अनुसार कोनकोर्ड पॉवरटेक सॉल्यूशंस दुनिया की बेस्ट फ्लैगशिप कंपनियों के प्रोडक्ट्स बिक्री करने में विश्वास रखती है क्योंकि यें कंपनियां ग्राहकों को खरीद पर वेल्यू फोर मनी देती हैं। कंपनी द्वारा 12 महीने की और डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी कोनकोर्ड द्वारा अतिरिक्त 6 महीने की गारंटी दी जाती है।

INDUSTRY PRODUCT RANGE: Induction motors, brake motors, force cooling motors, conveyor belt, worm,helical, parallel shaft helical, bevel-helical, planetary gear boxes & stadio gear boxes.


BRANDS- Rotomotive, I.C.Bauer, Rossi, MGM Varvel, Contitech & NMTG .

**स्टोनमॉर्ट में विशेष प्रस्तुतिः** अरोड़ा ने बताया कि स्टोनमॉर्ट 2022 में कंपनी Crane Segment के जर्मनी व इटली की प्रमुख कंपनियों के गियरबॉक्स प्रस्तुत कर रही है। इसके साथ ही कंपनी लॉकिंग असेम्बली और मूवमेंट के लिए काम आने वाला रेक एंड पिनियन भी प्रस्तुत कर रही है। स्पेयर पार्ट्स की समस्या को दूर करने के लिए कंपनी अब सभी प्रकार के स्पेयर पार्ट्स रेड्डी स्टॉक में रखकर वर्ष भर उपलब्ध करवा रही है।, कंपनी कस्टमर को Chinese Company की मोटर एवं Gear Box की भी Replacement मुहैया करा रही है। इससे कंपनियों का समय बचेगा।

CONCORD Trusted Name

॥ श्री गणेशाय नमः ॥
विजयवर्गीय अकाउंटिंग स्किल्स एकेडमी
आशीष विजयवर्गीय फाउंडेशन के सहयोग से
180 दिवसीय निःशुल्क* रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला
प्रत्येक शनिवार निःशुल्क कैरियर कांउसलिंग & इंटरव्यू प्रोग्राम
विजयवर्गीय स्टार्टअप टेक्नो हब
एडमिशन 9509403549 जॉब्स 9509403550 सर्विसेज 9509403580

DSPL



DHOOT SANGEMERMER Pvt. Ltd.
JAIPUR - MAKRANA
raghav@dhootstonecraft.com
www.dhootstonecraft.com
Contact - 9829063121 - 9829063122

Manufacturers And Exporters
All Kind Of Marble, Granite, Sandstone Blocks & Slabs.
Our Expertise In
Stone Carving, Columns, Grills, Wall Cladding, Building Embellishments And Landscaping.



BR

## सम्पादकीय

# पर्यावरण की चिंता



पुनीत जैन

धरती के बिगड़ते पर्यावरण को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सभी देशों को चेताया है, उसका मतलब यही है कि अगर जल्द ही हमने पर्यावरण नहीं सुधारा तो आने वाले वक्त में अपने को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा।

मिस्र के शर्म अल-शेख में शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन यानी कॉप 27 के मंच से गुतारेस ने साफ कहा कि मानव जाति को बचाने के लिए अब कोई बहुत वक्त नहीं बचा है। इसलिए हमें अब यह तय करना होगा कि धरती को बचाने के लिए या तो हम एकजुट होकर तेजी से काम करें या सामूहिक रूप से खुदकुशी का फैसला कर लें। हालांकि ऐसी चेतावनी कोई पहली बार नहीं आई है। हर साल होने वाले इस वैश्विक पर्यावरण सम्मेलन में विशेषज्ञ और प्रतिनिधि देशों के नेता यह चिंता जाहिर करते आए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि अभी तक धरती को बचाने के प्रयासों में वैसी तेजी दिखाई नहीं दी है, जैसी होनी चाहिए। इसके पीछे कारण कोई नए नहीं हैं। कहना न होगा कि धरती को बचाने की मुहिम अमीर और गरीब देशों के खेमे में बंट गई है और अमीर-गरीब की इस राजनीति में पर्यावरण बचाने की मुहिम कहीं पीछे छूटती नजर आ रही है। इसीलिए यह सवाल भी लंबे समय से बना हुआ है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए होने वाला खर्च कहां से आए? क्या सिर्फ विकासशील और गरीब देश ही पर्यावरण खराब कर रहे हैं? हकीकत तो यह है कि पिछली दो सदियों के दौरान पश्चिम में जिस तरह का भौतिकवादी विकास हुआ है, वह पर्यावरण की कीमत पर ही हुआ है। जबकि धरती के पर्यावरण को बिगाड़ने का ठीकरा गरीब और विकासशील देशों पर फोड़ा जाता रहा है।

पर्यावरण को सुधारने के लिए अमीर देशों का गुट गरीब देशों पर ही दबाव बनाते रहे हैं। इसके लिए उन पर कठोर कदम उठाने का दबाव डाला जा रहा है। यह ऐसा जटिल मुद्दा है जो शर्म अल-शेख में पहले दो दिन में उठा है। छोटे से देश बारबाडोस के प्रधानमंत्री ने इस मंच से साफ कहा कि जो कंपनियां जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं, उनसे पैसा वसूला जाए और उस पैसे को जलवायु संकट से निपटने के लिए गरीब देशों को दिया जाए। ऐसे मुद्दे को समर्थन देने वालों में भारत भी है।

हाल में आक्सफेम ने अपनी एक रिपोर्ट जारी कर सबको चौंका दिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के एक सौ पच्चीस सबसे अमीर लोग कार्बन उत्सर्जन के मामले में भी सबसे आगे हैं। इन लोगों के जो उद्योग हैं, वे कार्बन उत्सर्जन करते हैं, जबकि पर्यावरण को बचाने में इनकी कोई भागीदारी या जिम्मेदारी नहीं है। विडंबना तो यह है कि अमीर देशों का गुट लंबे समय से जीवाश्म इंधन के इस्तेमाल को घटाने और इसे पूरी तरह से बंद करने पर जोर दे रहा है।

ऐसा दबाव विकासशील और गरीबों देशों पर ज्यादा है। इसमें भी एशिया के देशों की संख्या कहीं ज्यादा है। लेकिन सच्चाई यह है कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कई बड़े और अमीर देशों में अभी भी जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है। एशिया में चीन में अभी दशकों तक जीवाश्म ईंधन का प्रयोग बंद नहीं होने वाला। अब तक के पर्यावरण सम्मेलनों में अमीर देशों का क्या रुख रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। अगर धरती को बचाना है तो बड़ों को अपनी जिम्मेदारी पहले निभानी होगी।

BR

## सूचना

**इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।**
-संपादक


## बिजनेस रेमेडीज में विज्ञापन एवं खबरों हेतु संपर्क करें



| जिला | प्रतिनिधि | फोन |
|---|---|---|
| भीलवाड़ा | प्रकाश चपलोत | 9414114789 |
| जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| उदयपुर | दिनेश गोठवाल | 9829297360 |
| बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| पाली | के.के. सिंघल | 9079812324 |
| बीकानेर | जेठमल छाजेड | 8739999599 |
| श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| अलवर | रामकिशन | 9414261485 |
| किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| अलवर | मोहित अग्रवाल | 9414261485 |
| कांकरोली | सुनिल | 9214604062 |
| केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |

**बिजनेस रेमेडीज**

पता:- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

फोन:- 0141- 2785686, 9929106227


# भारत की ताकत का रूतबा है जी-20 नेतृत्व की दिशाएं



**ललित गर्ग**

भारत के लिये यह गर्व एवं गौरव की बात है कि वह 1 दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए ये ऐतिहासिक अवसर है। आजादी के अमृतकाल में यह देश के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है, जहां से भारत के सशक्त होने एवं विश्व स्वीकार्यता की सार्थक दिशाओं का उद्घाटन होने जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्व नेता के रूप में उभर रही स्थितियों के कारण एक बड़ा अवसर देश को प्राप्त हो रहा है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 75 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। भारत अब इस जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है, इसकी अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित ही यह भारत के लिये एक नये सूरज के अभ्युदय का संकेत है। मोदी ने भारत की अध्यक्षता के शुभंकर और वेबसाइट का अनावरण करते हुए दुनिया को शांति के मार्ग पर अग्रसर करने के अपने संकल्प को दोहराया है। समूची दुनिया को सुखी होने का मार्ग दिखाते हुए भारत स्वयं भी उस मार्ग पर अग्रसर होगा, इसके लिये मोदी का नेतृत्व निश्चित ही नवीन दिशाओं को उद्घाटित करेगा।

संसार के सभी प्राणी सुखी हों, यह कामना वह व्यक्ति, वह नेता एवं वह राष्ट्र कर सकता है, जो सारी वसुधा को अपना परिवार समझता है, जो उदार होता है, जो शांतिप्रिय एवं अहिंसक होता है, जो अपने पराये की संकीर्ण सीमा को लांघकर प्राणीमात्र के सुख में सुखी और दुःख में दुःखी होता है। यही उदात्त विचारधारा भारतीय संस्कृति और जीवन-पद्धति की विशेषता रही है, इसी विचारधारा से वसुधैव कुटुबंकम एवं सर्वे भवन्तु सुखीन के उद्घोष हुए है। इन्हीं उद्घोषों को बल देते हुए भारत विश्व में आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता काल में गौतम बुद्ध, महावीर और महात्मा गांधी के युद्ध से मुक्ति एवं हिंसा के प्रतिरोध सिद्धांत के साथ विश्व को शांति, समाधान एवं समृद्धि की राह दिखाएगा। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदेश मंत्रालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जी-20 के नये प्रतीक चिन्ह एवं नारे का लोकार्पण किया और कहा कि 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का नारा भारत के संस्कारों एवं संस्कृति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। नये प्रतीक चिन्ह के कमल के पुष्प पर विराजित पृथ्वी एवं कमल की सात पंखुड़ियों के माध्यम से सातों महाद्वीपों की एकजुटता और सौहार्द से समृद्धि एवं प्रगति का संदेश मिलता है।

नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत की छवि लगातार बदलती जा रही है, भारत को दुनिया की महाशक्तियां भी स्थान देने लगी, उससे मार्गदर्शन लेकर अपनी नीतियों को बल देने लगी है। दुनिया को तो भारत की शक्ति का एहसास हो ही चुका है, साथ ही देशवासियों को भी भारतीय होने का गौरव महसूस होने लगा है। जी-20 यानि 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच है, इस मंच की अध्यक्षता भारत को करने का अवसर मिलता निश्चित ही एक नयेए शुभ एवं श्रेयस्कर भारत का संकेत है। आज पूरी दुनिया भारत के महत्व को समझती है। दुनिया जानती है कि भारत जो कहता है वह करता है। भारत के प्रति दुनिया में बढ़ रहा विश्वास उसके प्रभावी नेतृत्व, नीतियों, नीतिपरकता, स्पष्टता और पारदर्शिता का परिणाम है।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने नया इतिहास गढ़ा है, स्वयं को सशक्त एवं ताकतवर बनाया है। दृढ़ता एवं साफ-सुथरी शासन-व्यवस्था से दुनिया को प्रभावित किया है। आर्थिक विकास को गति दी है। यही कारण है कि अब भारत में दुनिया के कई देश बेझिझक कारोबार के अवसर तलाश रहे हैं। भारत के सामने कई चुनौतियां भी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा और खाद्य संकट खड़ा हो चुका है। दुनिया के तमाम देशों पर मंदी का साया मंडरा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन और चीन जैसी महाशक्तियां भी हांफ रहे हैं। दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का भी यही हाल है। कारोबार और व्यापार की चुनौतियों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण का संकट भी काफी बड़ा होता जा रहा है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पटरी पर है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर लगी हुई हैं। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है।

भारत जी-20 नेतृत्व में निश्चित ही दुनिया को नयी दिशा एवं दृष्टि देगा। जी-20 के इस अंतर सरकारी मंच में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। भारत देशभर में विभिन्न स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा। अगले साल होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन, भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाले शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक अनूठा एवं विलक्षण होगा। इस सम्मेलन से दुनिया की नजरें भारत पर टिकेंगी। दुनिया अब उम्मीद कर रही है कि अगर कोई देश उसे आर्थिक संकटों में जाने से बचा सकता है तो वह सिर्फ भारत ही है। भारत दुनिया की ग्रोथ का इंजन बनने की ताकत रखने लगा है। रूस-यूक्रेन युद्ध मसले पर भारत किसी भी खेमे में शामिल नहीं हुआ, बल्कि उसने अमेरिका के दबाव में आए बिना रूस से सस्ता तेल खरीदा क्योंकि भारत को अपनी जनता के हित पहले देखने हैं। अमेरिका और उसके मित्र देश रूस पर प्रतिबंधों का खामियाजा भुगत रहे हैं। यह भारत का आत्मविश्वास एवं दृढ़ता ही है जहां से दुनिया को अपनी सोच बदलने एवं विश्व को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने की सोच को बल मिल रहा है।

भारत अपनी मौलिक सोच एवं फौलादी इरादों से अपने आजादी के अमृत महोत्सव काल को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता में आमूल-चूल परिवर्तन का जरिया बना रहा है। भारत दुनिया की एक सशक्त आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। 2029 तक वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक उसके जर्मनी और 2029 तक जापान से आगे निकल जाने का अनुमान है। हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए उसने दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में जगह बना ली है। अब वह सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। 20-जी शिखर सम्मेलन की स्वागत भूमि बनकर भारत अपने सशक्त एवं विकसित होने के गौरव को नये आयाम देगा। अपनी उपस्थिति एवं नेतृत्व से दुनिया का ध्यान खींचेगा।

भारत कोरा आर्थिक विकास ही नहीं कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक विकास भी कर रहा है। वह खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, वाणिज्य कौशल की पहचान और आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण के लिये नयी भूमि को तैयार कर रहा है। भारत स्वच्छ ऊर्जा की ओर बहुत ध्यान दे रहा है। भारत उन देशों में है जो बहुत तेज गति से इलैक्ट्रिक वाहनों को अपना रहा है और इस दिशा में निवेश कर रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य एवं कृषि से जुड़े विषयों में भारत ने अनूठी उपलब्धियां हासिल की है। सऊदी अरब और भारत के बीच संबंध मधुर हैं। दोनों देश तेल-गैस के व्यापार के अलावा रणनीतिक भागेदारी और प्रवासी कामगारों को लेकर भी करीब से जुड़े हैं। ऐसे में सऊदी अरब का ब्रिक्स में शामिल होना भारत के हित में होगा। आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने जी-20 के नेतृत्व के रूप में एक बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है, गौरव बढ़ाने वाली बात है। यह देश के सामर्थ्य का प्रतीक है। भारत इसे नई जिम्मेदारी के रूप में देख रहा है। देशवासियों को इस जिम्मेदारी पर खरा उतरना होगा। हमने गुलामी और अत्याचारों के दिन भी देखें हैं। अब भारत को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होते हुए दुनिया में शांति, सुख एवं समतामूलक विकास का माध्यम बनना है। शुभ के स्वप्न को आकार देने के लिये हमें भगवान महावीर के इस संदेश को जीवन से जोड़ना होगा- 'खणं जाणाहि पंडिए'- हम क्षणजीवी बने। न अतीत की चिन्ता, न भविष्य की कल्पना। सिर्फ 'आज' को जीते हुए देश एवं दुनिया को शांति एवं सुख का परिवेश दें। मोदी जैसा भीतर से जागा हुआ चमत्कारी एवं करिश्माई नेतृत्व हर घटना, सन्दर्भ, निर्णय, सोच, शैली से देश एवं दुनिया के लिये एक नई सीख, नई ऊर्जा और नई प्रेरणा बन सकता है, इसलिये आइए, इस विश्वास और संकल्प को सचेतन करें कि आज तक जो नहीं हुआ वह अब हो सकता है, यदि उसके पीछे तीव्र प्रयत्न, ईमानदारी एवं गहरी लगन हो।

## प्रोपर्टी। अर्थव्यवस्था

# आशियाना उमंग-किड सेंट्रिक होम जयपुर का आखिरी फेज लॉन्च

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** समाज के सभी वर्गों की देखभाल और निर्माण और गुणवत्तापूर्ण आवासीय यूनिट प्रदान करने के उद्देश्य से, एनएसई और बीएसई सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर आशियाना



हाउसिंग लिमिटेड ने जयपुर में अपनी बाल केन्द्रित घर (किड-सेंट्रिक होम) परियोजना आशियाना उमंग के छठे और आखिरी फेज के लिए पंजीकरण के शुभारंभ की घोषणा की है। ये प्रोजेक्ट महिंद्रा एसईजेड के पास स्थित, इस परियोजना को 2014 में लॉन्च किया गया था। यहां कंपनी ने 8 वर्षों की अवधि में 912 यूनिट्स के साथ चार चरणों को सफलतापूर्वक वितरित किया है। जबकि कंपनी पहले ही परियोजना के पांचवें चरण का 75 प्रतिशत हिस्सा बेच चुकी है, 750 से अधिक परिवार पहले से ही इस टाउनशिप में रह रहे हैं।

अंतिम फेज आठ वर्षों की अवधि में चार चरणों में विकसित 912 यूनिट्स में 156 यूनिट्स जोड़ेगा। अंतिम फेज अप्रैल 2026 तक ग्राहकों को पजेशन देने के लिए तैयार हो जाएगा।

परियोजना के इस फेज में 2 और 3-बीएचके अपार्टमेंट होंगे। लॉन्चिंग लाभ के रूप में, कंपनी ने बुकिंग करवाने वाले ग्राहकों के लिए 2.9 लाख रुपये तक के अतिरिक्त लाभ की भी घोषणा की है। ये फेज कुछ अद्वितीय लाभ प्रदान करता है-यह परियोजना के मुख्य द्वार के पास है, और कमर्शियल परिसर, भी उमंग प्लाजा के इस फेज के निकट है। बच्चों के लिए, लर्निंग हब संगीत, नृत्य, कला और शिल्प के लिए समर्पित स्थान प्रदान करेगा और रीडिंग स्पेस भी निवासियों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा होगी। सभी आवासीय यूनिट्स सभी सुविधाओं से युक्त होंगी और बड़े घरों और अपग्रेडेड फीचर्स के साथ तैयार किए जाएंगे।

2-बीएचके और 3-बीएचके दोनों यूनिट्स क्रमशः 1209 वर्ग फुट और 1553 वर्ग फुट के सुपर एरिया और 799 और 1057 वर्ग फुट के कारपेट एरिया की पेशकश करती हैं।

बच्चों पर केंद्रित परियोजना सभी उम्र के बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए अच्छी तरह से डिजाइन और खास तौर पर तैयार की गई सुविधाओं की एक विस्तृत सीरीज प्रदान करती है। अपार्टमेंट और टावरों का डिजाइन और आर्किटेक्चर भी खास होगा। इसके साथ ही इस फेज में अंदर और बाहर दोनों जगह बड़े शानदार लोकेशंस शामिल हैं। प्रत्येक अपार्टमेंट में एक विशाल बालकनी होगी.जो उन्हें लग्जरी का अहसास देगी। जयपुर में महिंद्रा एसईजेड के पास होने के कारण, परियोजना के कई स्थान लाभ हैं। जबकि यह शहर की परिधि पर है, यह अजमेर और दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य प्रमुख शहरों और अन्य डेस्टिनेशंस से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। कहीं के लिए भी यात्रा में आसानी और शहर के अन्य हिस्सों और जयपुर हवाई अड्डे के लिए आवागमन इस क्षेत्र को निवास के लिए बेहतरीन बनाता है। लोकेशन लाभ के परिणामस्वरूप, कई डेवलपर फर्मो ने इस क्षेत्र में अपनी हाउसिंग परियोजनाएं पहले ही बना ली हैं।

वरुण गुप्ता, पूर्णकालिक डायरेक्टर, आशियाना हाउसिंग ने कहा कि 'बाल-केंद्रित फेज में पूरी टाउनशिप की ऑफर्स को प्रदान किया गया है, जिससे ये खास पेशकश बन जाती है। आशियाना उमंग बच्चों को सीखने और बढ़ने के लिए एक सही माहौल प्रदान करता है। बच्चे यहां जिस तरह की गतिविधियां और मस्ती करते हैं, वह बहुत ही शानदार है। हमने परियोजना का अंतिम फेज शुरू कर दिया है और ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया की उम्मीद है। परियोजना के निवासियों को आवश्यक सेवाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलती रहेंगी। यह परियोजना आसपास के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर का पूरक होगी, जो पहले से ही इस क्षेत्र और शेष भारत के लिए एक प्लस है। विशेष रूप से, हम बाहरी गतिविधियों के लिए आवश्यक ओपन स्पेसेज पर ध्यान देंगे। इसलिए, यह परियोजना उन परिवारों और व्यक्तियों के लिए उपयुक्त होगी, जो रहने के लिए एक अद्वितीय और विशाल जगह पसंद करते हैं।


## सदस्यता कूपन



**(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)**

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 307 | 1450 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ......................................................

पताः ......................................................

...................................................... पिनकोड......................

फोनः.............................. मो. ..............................

ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ......................................

ई-मेलः ......................................................

**बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।**

**Bank Account:- Business Remedies**

**A/c No. 61233949765** **Bank Name: SBI**

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

फोनः- 0141- 3594672, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

### कोरियर सुविधा

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

**जयपुर एवं राजस्थान के अन्य शहरों में बिजनेस रेमेडीज अपने हॉकर से मांगे या सम्पर्क करें**

जयपुर सिटी

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | शास्त्री नगर | गोपाल शर्मा | 9414788145 |
| 2 | वी.के.आई | महेश शर्मा | 9782744428 |
| 3 | झोटवाड़ा | प्रदीप शर्मा | 9929795261 |
| 4 | सरना डूंगर | सुरेन्द्र सिंह तोमर | 8562829290 |
| 5 | लिंक रोड | सुभाष शर्मा | 9950761723 |
| 6 | लिंक रोड | मनोज अग्रवाल | 9784254349 |
| 7 | केसरगढ़ | श्यामबाबू शर्मा | 9782930413 |
| 8 | सोडाला | श्यामसुंदर अग्रवाल | 9252020497 |
| 9 | टैगोर नगर | उम्मेद सिंह चौहान | 9829926088 |
| 10 | मानसरोवर | मुकेश बिहारी शर्मा | 9828247895 |
| 11 | गोपालपुरा मोड़ | विजयशंकर अग्रवाल | 9214538212 |
| 12 | मालवीय नगर | वाहिद खान | 9929294516 |
| 13 | सांगानेर | सीताराम चौधरी | 8058116502 |
| 14 | जगतपुरा | प्रदीप सिंह चौहान | 9214021525 |
| 15 | जैतपुरा | जितेन्द्र सैन | 9828599264 |
| 16 | कालाडेरा | शंकरलाल जी | 9828599263 |
| 17 | बगरू | नवरत्न चौधरी | 9928877107 |

राजस्थान

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| 2 | उदयपुर | मांगीलाल पुरोहित | 9024311494 |
| 3 | फतहनगर | लोकचंद बंजारा | 9414620694 |
| 4 | बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| 5 | पाली | महेन्द्र प्रकाश गोयल | 7742427942 |
| 6 | बीकानेर | जेठमल छाजेड़ | 8739999599 |
| 7 | श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| 8 | श्रीगंगानगर | सुशील जी (इंण्डस्ट्रीयल एरिया) | 9352707195 |
| 9 | अलवर | रामकिशन जी | 9414261485 |
| 10 | किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| 11 | सोजत सिटी | सुरेश माली | 9461715177 |
| 12 | मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| 13 | फालना | सुशील गोयल | 9829724754 |
| 14 | कोटा | सुरेन्द्र जैन | 9950674346 |
| 15 | अजमेर | सुरेशचंद शर्मा | 9571611211 |
| 16 | केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |
| 17 | सीकर | पवन प्रधान | 8696681838 |
| 18 | राजसमंद | सुनील जी | 9214604062 |
| 19 | भीलवाड़ा | राजाराम जैन | 9166027621 |
| 20 | सुमेरपुर | श्री महादेव न्यूज एजेंसी | 9928608845 |
| 21 | अलवर | घनश्याम दास हरिराम | 9414261485 |
| 22 | बांसवाड़ा | गॉधी पेपर एजेंसी | 9414101840 |

# निफ्टी फ्यूचर 18008 अंक महत्वपूर्ण स्तर

**दिनांक 10.11.2022 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 09.11.2022 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 18190 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 18008 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 18272 – 18303 – 18373 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 17970 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 09.11.2022 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 41866 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 41474 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 41939 - 42008 - 42108 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 41232 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

**अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!**

**हीरो मोटोकॉर्प ( 2646 ) :-** 2/3 व्हीलर्स ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 2626 रुपये के आसपास है। 2608 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 2660 से 2673 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 2680 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**कोटक बैंक ( 1897 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 1880 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट!! 1863 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1909 रुपये से 1930 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!!



**निखिल भट्ट**
रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत



**ग्रासिम इंडस्ट्रीज ( 1744 ) :-** सीमेंट & सीमेंट प्रोडक्ट सेक्टर के शेयर में 1763 रुपये से 1770 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1707 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!!

**भारती एयरटेल ( 820 ) :-** टेलीकोम सर्क्युलर & फिक्स्ड लाइन सर्विस सेक्टर के शेयर में 833 रुपये से 840 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 797 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करेंज!!!

**जिंदल स्टील ( 481 ) :** 01 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 464 रुपये स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला आयरन & स्टील सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 493 रुपये से 500 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**एसीसी लिमिटेड ( 2445 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार सीमेंट & सीमेंट प्रोडक्ट सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 2424 रुपये से 2407 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है । प्रतिक्रियात्मक के लिए 2508 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!!

**एसबीआई लाइफ ( 1265 ) :-** इस शेयर को 1288 / 1294 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1247 रुपये से 1233 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 1203 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल...!!!

**इंडसइंड बैंक ( 1155 ) :-** प्राइवेट बैंक सेक्टर का यह स्टॉक 1202 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1127 रुपये से 1115 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!!

**एचसीएल टेक्नोलोजी ( 1054 ) :-** चार्ट के टेक्नोलोजी सेक्टर के इस शेयर को करीब 1070 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1033 रुपये से 1018 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 1088 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करेंज!!!

**हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ( 205 ) :-** इस शेयर को करीब 218 / 224 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 190 रुपये से लेकर 183 रुपये तक रहने की संभावना है. 230 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पोइन्ट के मालिक हैं।

विशेष नोट:- डिस्कलमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

# आज खुलेगा 'कायन्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड' का आईपीओ

## 14 नवम्बर, 2022 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मैसूर आधारित 'कायन्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड' द्वारा कर्ज की पूर्ण या कुछ भाग में अदायगी, मैसूर व मानेसर की निर्माण इकाई के विस्तार के लिए आवश्यक पूंजी खर्च की पूर्ति, पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कायन्स इलेक्ट्रोनिक्स मैन्यूफेक्चरिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कर्नाटक के चामराजानगर में नई निर्माण इकाई की स्थापना के लिए निवेश करने और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कंपनी द्वारा आईपीओ लाया जा रहा है। कंपनी का आईपीओ आज खुलकर 14 नवम्बर को बंद होगा। कंपनी द्वारा ऑटोमोटिव, औद्योगिक, एयरोस्पेस एवं रक्षा, बाहरी अंतरिक्ष, परमाणु, चिकित्सा, रेलवे, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों को वैचारिक डिजाइन, प्रक्रिया इंजीनियरिंग, एकीकृत विनिर्माण और जीवन-चक्र समर्थन सेवा प्रदान करती है। वर्ष 2008 में कंपनी का इनकार्पोरेशन हुआ था। कंपनी मूल उपकरण निर्माताओं ('ओईएम') को डिजाइन-आधारित इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण की पेशकश करने वाली भारत की पहली कंपनियों में से एक है।

वित्त वर्ष 2020 में कंपनी ने 370.17 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 9.36 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2021 में 424.66 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 9.77 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2022 में 710.35 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 41.68 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 की जून तिमाही तक कंपनी ने 199.98 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 10.05 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 9.70 रुपये का ईपीएस अर्जित किया है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारीः** कंपनी का आईपीओ 10 नवम्बर को खुलकर 14 नवम्बर,2022 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपये फेसवेल्यू के शेयर 559 रुपये से 587 रुपये प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 857.82 करोड़ रुपये जुटाए जायेंगे। इनमें फ्रेश इश्यू से 530 और ओएफएस से 327.82 करोड़ जुटाए जायेंगे। आईपीओ में 50 फीसदी शेयर क्यूआईबी कैटेगरी, एनआईआई कैटेगरी में 15 फीसदी शेयर और 35 फीसदी शेयर रिटेल कैटेगरी के निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। आईपीओ में रिटेल निवेशक कम से कम 25 शेयरों के लॉट के लिए 14,675 रुपये की एप्लिकेशन लगा सकता है। आईपीओ की लिस्टिंग 22 नवम्बर, 2022 को होने की संभावना है।




| | |
|---|---|
| IPO Date | Nov 10, 2022 to Nov 14, 2022 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹559 to ₹587 per share |
| Lot Size | 25 Shares |
| Issue Size | [.] shares of ₹10 (aggregating up to ₹857.82 Cr) |
| Fresh Issue | [.] shares of ₹10 (aggregating up to ₹530.00 Cr) |
| Offer for Sale | 5,584,664 shares of ₹10 (aggregating up to ₹327.82 Cr) |
| **Employee Discount** | 15 |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | BSE, NSE |
| QIB Shares Offered | Not more than 50% of the Net Offer |
| NII (HNI) Shares Offered | Not less than 15% of the Net Offer |
| Retail Shares Offered | Not less than 35% of the Net Offer |
| Company Promoters | Ramesh Kunhikannan, Savitha Ramesh and RK Family Trust are the company promoters. |

# कमल हासन अभिनित विक्रम के वीएफएक्स के लिए फेंटम एफएक्स की टीम को मिला अवार्ड



**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** एनएसई इमर्ज पर हालिया ब्लॉक ब्लॉकबस्टर लिस्टिंग करने वाली कंपनी फेंटम डिजिटल एफेक्ट्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी की टीम को कमल हासन अभिनित फिल्म विक्रम में दिए गए वीएफएक्स के लिए अवार्ड दिया गया है। विक्रम मूवी के 100 दिन सेलिब्रेशन में यूलेगा नयागन, कमल हासन एवं निर्देशक लोकेश द्वारा फेंटम एफएक्स टीम को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# टाटा मोटर्स का दूसरी तिमाही में घाटा घटकर 898 करोड़ रुपये रहा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली टाटा मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध घाटा कम होकर 898 करोड़ रुपये रह गया।

कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4,416 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। हालांकि, टाटा मोटर्स की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 80,650 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 62,246 करोड़ रुपये थी। एकल आधार पर कंपनी का शुद्ध घाटा आलोच्य तिमाही में कम होकर 293 करोड़ रुपये पर आ गया। एक साल पहले की इसी तिमाही में 659 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय भी चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में ब?कर 15,142 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 11,197 करोड़ रुपये थी। बीएसई में टाटा मोटर्स का शेयर बुधवार को 0.44 प्रतिशत गिरकर 433 रुपये पर बंद हुआ।

# एक्सपीरियन व्हाट्सएप पर निःशुल्क क्रेडिट स्कोर उपलब्ध कराने वाला भारत का पहला क्रेडिट ब्यूरो बन गया

**अपने एक्सपीरियन क्रेडिट स्कोर तक तुरंत, आसानी से और सुरक्षित तरीके से पहुँचने की सुविधा**

**अपने क्रेडिट स्कोर में होने वाले हर बदलाव पर नियमित रूप से नजर रखें और अपनी क्रेडिट प्रोफ़ाइल में धोखाधड़ी का पता लगाएँ**

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** एक्सपीरियन डिया, डेटा एनालिटिक्स और डिसिजनिंग कंपनी के क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक, तथा साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 के तहत भारत में लाइसेंस प्राप्त करने वाले पहले क्रेडिट ब्यूरो में से एक, एक्सपीरियन इंडिया ने एक ऐसी सेवा का शुभारंभ किया है जिसके जरिए भारतीय उपभोक्ता व्हाट्सएप पर अपने क्रेडिट स्कोर की निःशुल्क जाँच कर सकते हैं। भारत में पहली बार कोई क्रेडिट ब्यूरो इस तरह की सेवा प्रदान कर रहा है। अब उपभोक्ता नियमित तौर पर अपनी एक्सपीरियन क्रेडिट रिपोर्ट देख सकते हैं तथा बड़ी आसानी से अपने क्रेडिट पोर्टफोलियो पर नजर रख सकते हैं।

इस पहल के जरिए आपको अपने एक्सपीरियन क्रेडिट स्कोर तक तुरंत, आसानी से और सुरक्षित तरीके से पहुँचने की सुविधा मिलती है, जिसके बाद आप कहीं भी, कभी भी अपना क्रेडिट स्कोर देख सकते हैं। उपभोक्ता अपनी एक्सपीरियन क्रेडिट रिपोर्ट देख सकते हैं, किसी भी तरह की अनियमितता पर नजर रख सकते हैं, धोखाधड़ी का तुरंत पता लगा सकते हैं तथा अपना क्रेडिट स्कोर फिर से बना सकते हैं, और इस तरह उन्हें अपने क्रेडिट प्रोफाइल पर पूरा नियंत्रण प्राप्त होता है। 487.5 मिलियन उपयोगकर्ताओं के साथ भारत में व्हाट्सएप का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, और व्हाट्सएप मैसेजिंग सेवा देश के लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गई है। नीरज धवन, कंट्री मैनेजर, एक्सपीरियन इंडिया, कहते हैं, 'लोगों की भलाई के लिए डेटा का उपयोग करना एक्सपीरियन का मिशन रहा है और यह कदम इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। हम उपभोक्ताओं के लिए क्रेडिट से संबंधित जानकारी को सुलभ बनाना और भारत में एक मजबूत क्रेडिट इकोसिस्टम का निर्माण करना चाहते हैं। इस तरह की सेवा की पेशकश करने वाले भारत के पहले क्रेडिट ब्यूरो होने के नाते, यह पहल भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एक्सपीरियन में, हम मानते हैं कि उचित और किफायती ऋण प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है।

अब भारतीय उपभोक्ता व्हाट्सएप के जरिए बिना किसी शुल्क के अपना क्रेडिट स्कोर देख पाएंगे, साथ ही उन्हें वास्तविक समय में अपनी क्रेडिट जानकारी तक पहुँचने की सुविधा मिलेगी, जिससे वे ऋण प्राप्त करने के बारे में सोच-समझकर निर्णय ले सकते हैं, अच्छी वित्तीय आदतों को विकसित कर सकते हैं, साथ ही बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाए रखने का भरपूर फायदा उठा सकते हैं - और इस तरह वे अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने और अपनी जिंदगी बदलने में सक्षम होंगे।'

# जीसीपीएल द्वारा 7% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 3,364 करोड़ रूपये की बिक्री की गई

**बिजनेस रेमेडीज/मुम्बई।** गोदरेज़ कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), जो कि एक अग्रणी उभरते बाजार एफएमसीजी कंपनी है, द्वारा आज 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की गई।

**वित्तीय ओवरव्यू : वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के संबंध में वित्तीय कार्य निष्पादन सारांशः** वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के लिए समेकित बिक्री में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7% की वृद्धि दर्ज की गई; जो 3 वर्षीय सीएजीआर 9% रही

वर्ष-दर-वर्ष आधार पर भारतीय कारोबार बिक्री में 8% की वृद्धि हुई, जो कि जो 3 वर्षीय सीएजीआर 9% रही

भारतीय रूपये के संदर्भ में इंडोनिशियाई बिक्री में 8% की कमी दर्ज की गई और वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर स्थिर मुद्रा के संदर्भ में यह गिरावट 11% की रही; भारतीय रूपये में एक्स-हाईजीन वृद्धि 12% रही और यह वृद्धि स्थिर मुद्रा के संदर्भ में 8% रही

अफ्रीका, यूएसएस तथा मध्य पूर्व में भारतीय रूपये में बिक्री में 15% वृद्धि रही तथा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर स्थिर मुद्रा संदर्भ में यह वृद्धि 13 रही, स्थिर मुद्रा के संदर्भ में 3 वर्ष की सीएजीआर 13% रही।

लैटिन अमरीका तथा सार्क देशों में भारतीय रूपये के संदर्भ में बिक्री में 1%की गिरावट दर्ज की गई तथा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर स्थिर मुद्रा के संदर्भ में इसमें 34 की वृद्धि रही; स्थिर मुद्रा के संदर्भ में 3 वर्ष की सीएजीआर 30% रही।

वर्ष-दर-वर्ष आधार पर वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही का समेकित ईबीआईटीडीए में 15% की गिरावट दर्ज की गई।

वर्ष-दर-वर्ष आधार पर वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के समेकित निवल लाभ में 21% की गिरावट दर्ज की गई (अपवादात्मक आइटम्स तथा वन-ऑफ के बिना)

**निदेशक तथा सीईओ की टिप्पणियां :** वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के कारोबारी कार्य-निष्पादन पर टिप्पणी करते हुए जीएसपीएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ अर्थात सुधीर सीतापति ने कहा, वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में हमारा कारोबारी कार्य- निष्पादन स्थिर रहा। 3 वर्षीय सीएजीआर 9 के साथ समग्र बिक्री में 7% की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, इस वृद्धि का कारण मूल्यन (प्राइसिंग) रहा। हमारा निरन्तर यह मानना है कि सापेक्षिक रूप से गैर-विवेकाधीन, हमारे पोर्टफोलियो के विशाल मूल्यन (प्राइसिंग) तथा मार्केट हिस्से के संबंध में बेहतर कार्य-निष्पादन के परिणामस्वरूप अल्प काल में मात्रात्मक वृद्धि को फिर से हासिल किया जा सकेगा। उच्च-लागत इन्वेंट्री के उपभोग, अपफ्रंट मार्केटिंग निवेश तथा हमारे इंडोनिशियाई तथा लैटिन अमरीकी और सार्क कारोबार के कमज़ोर कार्य-निष्पादन के कारण हमारे समग्र ईबीआईटीडीए में 15% की गिरावट दर्ज की गई। बिना अपवादात्मक आइटम्स तथा वन-ऑफ के पीएटी में 21% की गिरावट दर्ज की गई।

भौगोलिक परिप्रेक्ष्य से, भारत में 8% की स्थिर वृद्धि दर्ज की गई। हमारे अफ्रीकी, यूएसए और मध्य पूर्व कारोबार में एक सशक्त वृद्धि देखने को मिली, जिसमें भारतीय रूपये के संदर्भ में 15% और स्थिर मुद्रा संदर्भ में 13% की वृद्धि दर्ज की गई। हमारे इंडोनिशियाई व्यापार का कार्य-निष्पादन कमज़ोर रहा जिसमें भारतीय रूपये के संदर्भ में 8% और स्थिर मुद्रा संदर्भ में 11% की गिरावट देखी गई। बेस के अनुसार इंडोनिशियाई वृद्धि एक्स-हाईजीन श्रेणी में स्थिर मुद्रा पर 8% रही। श्रेणी के परिप्रेक्ष्य से, भारत में पर्सनल केयर के संदर्भ में हमने निरन्तर गतिशीलता का अनुभव किया, जिसमें 18% की बढ़ोतरी हुई। होम केयर में 2% वृद्धि दर्ज की गई।

मुद्रा-स्फीति दबाव में कमी के परिणामस्वरूप, हम उपभोग और सकल मार्जिन में रिकवरी की उम्मीद करते हैं और साथ ही नियंत्रण योग्य लागतों को कम करने पर महत्वपूर्ण रूप से ध्यान केन्द्रित करने के साथ निरन्तर उच्चतर मार्केटिंग निवेश को भी जारी रखा जाएगा।

हमारी बैलेंस शीट निरन्तर सकारात्मक बनी हुई है तथा निवल ऋण की तुलना में इक्विटी अनुपात में निरन्तर कमी हो रही है। हम इन्वेंट्री और अनुपयोगी लागत को निरन्तर कम कर रहे हैं और श्रेणी विकास के माध्यम से हमारे पोर्टफोलियो में लाभदायक और वहनीय मात्रा वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं।

हम उभरते बाजारों में उपभोक्त ाओं के लिए स्वास्थ्य और सौन्दर्य की अच्छाईयों को पेश करने के अपने उद्देश्य के प्रति वचनबद्ध हैं।

# वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में महिंद्रा लॉजिस्टिक्स का राजस्व 28 फीसदी बढ़ा

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** देश के इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स और मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर्स में से एक महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (एमएलएल) ने 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपने अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में परफॉर्मेंस- एफवाई 22 की दूसरी तिमाही की तुलना में
राजस्व 1,033 करोड़ रुपए की तुलना में 1,326 करोड़ रुपए रहा,
ईबीआईटीडीए 49 करोड़ रुपए की तुलना में 71 करोड़ रुपए रहा,
पीबीटी 8 करोड़ रुपए की तुलना में 17 करोड़ रुपए रहा,
पीएटी 5 करोड़ रुपए की तुलना में 11 करोड़ रुपए रहा,
ईपीएस (डाइल्यूटेड) 0.71 रुपए की तुलना में 1.69 रुपए रहा,
एच1 एफवाई22 की तुलना में एच1 एफवाई23 का प्रदर्शन रहा,
राजस्व 1,916 करोड़ रुपए की तुलना में 2,526 करोड़ रुपए रहा,
ईबीआईटीडीए 92 करोड़ रुपए की तुलना में 140 करोड़ रुपए रहा,
पीबीटी 14 करोड़ रुपए की तुलना में 36 करोड़ रुपए रहा,
पीएटी 8 करोड़ रुपए की तुलना में 25 करोड़ रुपए रहा,
ईपीएस (डाइल्यूटेड) 1.16 रुपए की तुलना में 3.56 रुपए रहा,
एफवाई22 के आंकड़े क्यू1 एफवाई23 में मेरु कंपनियों के अधिग्रहण के बाद बहाल किए गए हैं।

**प्रमुख हाईलाइट्सः** ऑटोमोटिव उद्योग में निरंतर सुधार और दूरसंचार सहित उपभोग बाजारों में निरंतर वृद्धि के कारण तिमाही में वृद्धि।
बी2बी एक्सप्रेस और लास्ट माइल डिलीवरी (डेल सहित) सेवाओं में स्थिर वृद्धि
मोबिलिटी बिजनेस हालांकि पूर्व-कोविड स्तरों पर वापस नहीं आया, लेकिन परिचालन दक्षता में सुधार जारी है।
तिमाही में हमने नासिक, भिवंडी और लुहारी जैसे स्थानों में गोदामों के लिए 1 मिलियन वर्ग फुट से अधिक जगह हासिल की है।

कंपनी की परफॉर्मेंस पर टिप्पणी करते हुए महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ रामप्रवीन स्वामीनाथन ने कहा, "हमने वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में अपनी विकास गति को 28 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ जारी रखा। ऑटो रिकवरी और अन्य क्षेत्रों में निरंतर ऑर्गेनिक ग्रोथ वॉल्यूम में वृद्धि के कारण व्यवसाय की मात्रा में वृद्धि का दौर कायम है। 3पीएल कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स के अलावा, हमने लास्ट माइल और बी2बी एक्सप्रेस में निवेश करना जारी रखा, जिसने मजबूत विकास गति को बनाए रखने में मदद की है। तिमाही के दौरान हमने मुद्रास्फीति का व्यापक प्रभाव भी महसूस किया है। साथ ही, फ्रंट लाइन मैनपावर कॉस्ट्स में वृद्धि और ट्रेलरों और कार वाहकों की आपूर्ति में कमी भी दर्ज की।

# स्टोन मार्ट-2022: क्या है व्यवसाईयों की समस्या और कैसे दूर करे सरकार?

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। देश में पिछले तीन वर्षों से कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध से अर्थव्यवस्था लड़खड़ा गई थी। वर्तमान परिदृश्य की बात करें तो व्यापारिक गतिविधियां तेज हुई है, बाजार भी दिनोंदिन उत्तरोतर गति पकड़ रहा है। व्यवसायी भी पूर जोर से काम में जुट गए हैं। सरकार भी व्यवसाईयों के हित के लिए नीत नई योजना ला रही है और उनके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों व प्रदर्शनियों का आयोजन भी कर रही है। दो माह पहले ही जेसीआरसी, सीतापुरा में ज्वैलरी को बढ़ावा देने के लिए निर्यातकों के लिए ज्वैलरी शो का आयोजन भी किया गया था। इसका भी निरंतर अच्छा रेस्पॉस मिल रहा है। ऐसे में व्यवसाईयों का भी कर्तव्य बनता है कि वह सरकार की योजनाओं का लाभ उठा कर निरंतर अपने उत्पादन को बढ़ाए, वहीं सरकार भी व्यवसाईयों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके उत्पादन को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करे। इसी उद्देश्य को लेकर फिर से निर्यातकों और घरेलू ग्राहकों के लिए 10 से 13 नवम्बर तक जेसीआरसी, सीतापुरा, जयपुर में स्टोन मार्ट-2022 का आयोजन किया जा रहा है। पिछले दिनों बिजनेस रेमेडीज के वरिष्ठ सम्पादक कुंजेश कुमार पतसारिया और मार्केटिंग प्रतिनिधि भरत पमनानी ने चित्तौड़गढ़ और राजसमंद के स्टोन माईनिंग और प्रोसेसिंग उद्योग के व्यवसाईयों के प्लांट में जाकर उनकी समस्याओं को लेकर बातचीत कर उनकी राज्य सरकार से अपेक्षाओं के संबंध में राय ली। उसी को लेकर हमने कुछ उद्यमियों से साक्षात्कार भी लिया,उसके कुछ संपादित अंश पेश है।

## चित्तौड़गढ़ के व्यवसाईयों की व्यथा

चित्तौड़गढ़ में स्टोन प्रोसेसिंग एक प्रमुख उद्योग है और यहां पर इस उद्योग में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। यहां से पूरे भारत में मार्बल, इंपोंटेड मार्बल,ग्रेनाईट और सेंड स्टोन की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा यहां की इकाईयों के जरिए वृहद स्तर पर विदेशों में भी स्टोन का निर्यात किया जाता रहा है। चित्तौड़गढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में मार्बल और ग्रेनाईट प्रोसेसिंग में अच्छी पहचान कायम की है। पीढ़ी दर पीढ़ी यहां व्यवसाई अपना व्यवसाय सम्भाल कर काम को अंजाम दे रहे हैं।

## प्रोसेसिंग में लागत ज्यादा, मार्जिन बहुत कम



मोहित समदानी

चित्तौडगढ़ में इम्पोर्टेड मार्बल,फीनिंज्ड स्टोन और ग्रेनाईड प्रोसेसिंग में उल्लेखनीय काम करने के लिए जाना पहचाना नाम है समदानी ग्रुप। इस ग्रुप को जयपुर में लगे स्टोना-2019 में अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। आज समदानी ग्रुप की उच्च शिक्षा प्राप्त कर दूसरी पीढ़ी इस काम में जुटी है। ग्रुप के निदेशक अशोक समदानी के पुत्र मोहित समदानी से पिछले दिनों हमने बातचीत की, तो उनका कहना था कि अपने पुश्तैनी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए मैंने पढ़ाई पूरी कर फैमेली बिजनेस से एमबीए किया, उसके बाद अब पूरी तरह से अपने इस व्यवसाय में जुट गया हूं। उनसे यह पूछने पर कि अभी मार्बल व्यवसाय कैसा चल रहा है और क्या समस्याएं आ रही हैं, पर उनका कहना था कि अभी मार्बल उद्योग ठीक-ठाक ही चल रहा है, फिलहाल गति नहीं पकड़ सका है। केंद्र सरकार ने इस पर जीएसटी 18 फीसदी कर कोढ़ में खाज का काम किया है। ग्राहक जीएसटी लगने के कारण माल की खरीद कम ही करते हैं। जबकि हमारी इसके प्रोसेसिंग में लागत ज्यादा बढ़ गई है, मार्जिन बहुत कम रह गया है। पिछले तीन वर्षों से मार्बल के घरेलू व्यवसाय में काफी कमी आई है, जबकि ग्रेनाईट में थोड़ा उठाव आया है। आज हमारी चित्तौडगढ़ में ही करीब 9 प्लांट हैं। जहां इम्पोर्टेड मार्बल ,फीनिंज्ड स्टोन तथा ग्रेनाईट तैयार कर ग्राहकों को सेल करते हैं। मोहित का कहना था कि राज्य सरकार को हमारे व्यवसाय को सहूलियत देने की जरूरत है। जीएसटी को घटाकर 5 फीसदी किया जाए, सोलर एनर्जी को बढ़ावा देकर इस पर सब्सिडी दी जाए और रीको द्वारा नए प्लांट लगाने पर सुविधाएं प्रदान की जाए, जिससे व्यापार में गति आएगी। चित्तौडगढ़ के पास हमीरगढ़ हवाई पट्टी को हवाई अड्डा विकसित कर व्यवसाईयों का आवागमन सुलभ बनाना चाहिए ताकि चित्तौडगढ़ की व्यवसायिक मंडी को उत्तरोतर गति मिल सके।

**-मोहित समदानी, निदेशक,**
**समदानी ग्रुप, चित्तौडगढ़**

## सरकार की स्कीमों का सरलीकरण बहुत जरूरी

चित्तौडगढ़ में वर्ष,1983 से स्थापित सबसे पुरानी या यूं कहें पहला मार्बल प्रोसेसिंग यूनिट मीरा मार्बल्स प्राइवेट लिमिटेड है। सहज और संजीदा व्यवहार के निदेशक जुगल किशोर बिड़ला ने पहला इटली से आयातित गेंगसॉ प्लांट लगाकर इसकी शुरुआत की, उसके बाद तो दूसरी पीढ़ी के बाद अब तीसरी पीढ़ी भी उच्च शिक्षा लेकर इस व्यवसाय को उत्तरोतर आगे बढ़ा रहे हैं। आज मीरा मार्बल की चित्तौडगढ़ में तीन और जोधपुर में दो गेंगसॉ प्लांट हैं। जुगल किशोर बिड़ला के तीनों पुत्र अपने पिताजी के व्यवसाय को अपनाकर इसे उत्तरोतर आगे बढ़ा रहे हैं। इनके दो पुत्रों व निदेशक संदीप बिड़ला व राजेश बिड़ला का कहना है कि वर्तमान में कंपनी इम्पोर्टेड मार्बल्स, ओनेक्स, ट्रेवरटाइन,सेंड स्टोन, लाइम स्टोन, कंपोजिट और क्वार्टज स्टोन स्लैब की प्रोसेसिंग और आपूर्ति करती है। कंपनी में 5 गेंगसॉ, रेजिन लाइन, लाइन पॉलिशर, सेंड ब्लास्टिंग, टम्बलिंग मशीन एवं कार्विंग आदि मशीनों पर निर्माण कार्य हो रहा है। कंपनी प्रमुखतया यूएई, यूरोप, रशिया,गल्फ देशों और उत्तर-पूर्व के देशों में भी स्टोन का निर्यात कर रही है। कंपनी के लुधियाना, चित्तौडगढ़, जोधपुर, मुम्बई और कोल्हापुर में स्टोकयार्ड व शोरूम है। व्यवसाय को लेकर राज्य सरकार से अपेक्षाओं को लेकर संदीप बिड़ला का कहना है कि सरकार स्कीमें तो लाती है, लेकिन इसे अमलीजामा पहनाने वाले अफसरों के बीच यह लालफीताशाही में ही दबकर बंद हो जाती है। अतःउद्योग विभाग के नियम एमएसएमई उद्योगों के हितों को ध्यान में रखकर सरल बनाने चाहिए ताकि व्यवसाईयों को इसका लाभ त्वरित मिल सके। ऐसे में सरकार को एक कमेटी गठित कर स्कीमों की जांच-परख करते रहना चाहिए जिससे व्यवसाईयों को राहत मिल सके।



संदीप बिड़ला



राजेश बिड़ला

**-संदीप बिड़ला व राजेश बिड़ला निदेशक,**
**मीरा मार्बल प्राइवेट लिमिटेड, चित्तौडगढ**

## जीएसटी की दरें कम की जाए, पीने का पानी आसानी से सुलभ हो

चित्तौडगढ़ के आजोलिया का खेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में इंडोशाईन मार्बल्स प्राइवेट लिमिटेड की अपनी अलग पहचान है। गुणवत्तायुक्त स्टोन मुहैया कराने के उद्देश्य से वर्ष,1998 में इसके फाउंडर और निदेशक प्रकाश चंद पोसवालिया ने इसकी शुरुआत की। आज इसकी तीसरी पीढ़ी इस काम में जुटी हुई है। वर्तमान में इंडोशाईन मार्बल्स कंपनी ग्रेनाइट, मार्बल, सेंडस्टोन, बिजोलिया और बसाल्ट ब्लैक की मुख्य रूप से प्रोसेसिंग और बिक्री कर रही है। इंडोशाईन मार्बल को पूरे भारत से ग्राहक आधार प्राप्त हो रहा है। फाउंडर व निदेशक प्रकाश चंद पोसवालिया के पुत्र राजकमल पोसवालिया से यह पूछने पर की अब क्या मार्बल व्यवसाय में कुछ कठिनाई आ रही है, तो उन्होंने बताया कि व्यवसाय पहले से बेहतर है, धीरे-धीरे मार्बल व्यवसाय आगे बढ़ रहा है। रॉ मैटेरियल तो सस्ता है, पर लागत कॉस्ट पहले से काफी बढ़ने से मार्जिन बहुत कम हो गया है। बाजार में अभी मार्बल की ज्यादा सेल नहीं है। इसके इन्फ्रास्ट्रेक्चर में मंदी है। वहीं वर्तमान में देश का स्टोन कारोबार जीएसटी के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहा है। अगर जीएसटी की दर 12 फीसदी या उस कम हो जाए यह इंडस्ट्री उभर सकती है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि राज्य सरकार योजना तो लाती है, लेकिन उसका लाभ व्यवसाईयों को नहीं मिल पा रहा है। पहले तो यहां पीने का पानी सही नहीं है,कैपर के जरिए पानी मंगाना पड़ता है। अगर सरकार इस पर ध्यान देकर काम करे तो निश्चित रूप से व्यवसाईयों को इसका लाभ मिल सकता है।



राजकमल पोसवालिया

**-राजकमल पोसवालिया, निदेशक,**
**इंडोशाईन मार्बल्स प्राइवेट लिमिटेड,आजोलिया का खेड़ा, चित्तौडगढ़**

MGA
MARBLE GANGSAW ASSOCIATION
RAJSAMAND
Ravi Sharma
President
Mob. 9414174601
Sanjay Samsukha
Gen.Secretary
Mob. 9414174247
Rajnish Vagracha, Treasurer
Mob. 9414174267
Vice Presidents
Goverdhan Laddha, Pasoond Road
Pushkar Shrimali, Nathdwara Road
Lalit Bohra, Amet Road
Regd. Off.-SPL-1, Road No. 2, RIICO Ind. Area, DHOINDA
Distt. Rajsamand (Raj.) 313326, Mob. 9549654601-4
E-Mail mgarajsamand@gmail.com, Website. www.mgarajsamand.com

BIRLA GROUP Bg STONE
BIRLA STONE
INTERNATIONAL
ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY
www.birlastone.com
Since 1983

MEERA MARBLES PVT. LTD.
Importer of world class marbles.
F-110-111, New Industrial Area, Riico, Chittorgarh (Raj.)
Contact - Email: meera.birlagroup@gmail.com Tele:- +91 8829914384
Cell : +91 9414109885, +91 9414110584

JODHPUR SAND STONE PVT. LTD.
Exclusive Indian sand stones and marbles.
Stone Park, Mandor Nine Mile, Nagaur Road, Jodhpur (Raj.)
Cell : +91 9414149737, +91 9414761749
E-mail : jodhpurstone2005@yahoo.com

MEERA MARBLES
Opp. MBD Mall, Ferozpur Road, Ludhiana (Punjab)
Cell : +91 8981505000, +91 7793819265
E-mail : meeramarbles1983@gmail.com


SHRI CHARBHUJA MARBLES & GRANITE
Opp. Yogi Nagar, Link Road, Borivali (W) Mumbai (MAH.)
Branches:-Borivali (West), Vileparle (East)
Cell : +91 9821111601
E-mail : charbhuja2001@gmail.com

SHRI MARBLE CENTER
Sangli Road, Siroli, Kolhapur (MAH.)
Cell : +91 9420494049, +91 9422044735, +91 9823065135
E-mail : birlastone2001@yahoo.com

ITALIAN WORLD
Rawatram Nagar, Near Dhanwantri Hospital, Pal Road, Jodhpur (Raj.)
Cell : +91 9784686898
E-mail : italianworld2013@yahoo.com

JAISALMER MARBLES PVT. LTD.
Exclusive Indian sand stones and marbles articles.
Stone Park, NH-65, Mandore 9 Mile, Jodhpur (Raj.)
Cell : +91 9414149123
E-mail : jaisalmermarbles2005@gmail.com

ISM
INDO-SHINE



INDO SHINE MARMO PVT LTD
A UNIT OF GRANITES
INDO SHINE MARBLE PVT LTD
A UNIT OF MARBLES
B-186A, RIICO Ind, Area, Ajolia ka Khera, CHITTORGARH (Raj.)
Email: indoshinemarbles@gmail.com

JOB ALERT

**VSNAPU,JAIPUR, RAJASTHAN**

SALES EXECUTIVE,25,000 - 30,000 A MONTH,REGULAR / PERMANENT,+1,EVENING SHIFT,+1,EASILY APPLY,RESPONSIVE EMPLOYER,URGENTLY HIRING,HIRING MULTIPLE CANDIDATES,COORDINATING WITH THE TEAM AT THE RESORT TO UNDERSTAND THE FOOT FALL OF THE NEW CHECK-INS.,MANAGEMENT OF DATA PERTAINING TO DAILY REPORTS, CLIENT DETAILS AND…,EMPLOYERACTIVE 5 DAYS AGO

**A CLASS MARBLE INDIA,JAIPUR, RAJASTHAN**

MARKETING EXECUTIVE,15,000 - 25,000 A MONTH,REGULAR / PERMANENT,+1,DAY SHIFT,EASILY APPLYHIRING MULTIPLE CANDIDATES,SUBMIT SAMPLES, ESTIMATE ETC AND DO NECESSARY FOLLOW UP.,MEET ARCHITECTS/ INTERIOR DESIGNERS TO GET THE SUPPORT FOR A CLASS MARBLE INDIA PVT LTD.,EMPLOYERACTIVE 1 DAY AGO

**CHEGG4.0,REMOTE IN INDIA**

FINANCE - ONLINE TUTOR/EXPERT,PART-TIME,+4,FLEXIBLE SHIFT,HIRING MULTIPLE CANDIDATES,ENSURE THAT YOU FOLLOW THE QUALITY PARAMETERS.,ENSURE THAT THE GUIDELINES FOR ANSWERING ARE FOLLOWED. THEY ARE RESPONSIBLE FOR CREATING AND DESIGNING TOP-NOTCH…,HIRING ONGOING

**WORDS LEAD PRIVATE LIMITED,REMOTE IN JAIPUR, RAJASTHAN**

PROJECT CO-ORDINATOR,NEW,12,000-15,000 A MONTH,FRESHER,+1,FLEXIBLE SHIFT,+2,EASILY APPLYHIRING MULTIPLE CANDIDATES,USE TOOLS TO MONITOR WORKING HOURS, PLANS AND EXPENDITURES.,STRONG WORKING KNOWLEDGE OF MICROSOFT PROJECT AND MICROSOFT PLANNER.,JOB TYPES: FULL-TIME, FRESHER.,POSTEDPOSTED 1 DAY AGO·MORE...

**DHL EXPRESS (MALAYSIA) SDN BHD3.7,KOTA, RAJASTHAN**

COURIER,NEW,DELIVER WITHOUT DELAY ALL INBOUND SHIPMENTS.,COLLECT WITHIN A STANDARD TIME FRAME, ALL OUTBOUND SHIPMENTS AND ENSURE THESE ARE PASSED OVER TO OUTBOUND POSTEDPOSTED 4 DAYS AGO

**SUPER INDUSTRIES4.0,NIMRANA, RAJASTHAN**

STORE INCHARGE - NEEMRANA,NEW 25,000 - 30,000 A MONTH,FULL-TIME,DAY SHIFT,EASILY APPLY,RESPONSIBLE TO VERIFY ALL GOODS ARRIVED AS PER THE AGREED PURCHASE, DELIVERY NOTE AND AGREED QUANTITY HAS BEEN RECEIVED.,LOADING AND UNLOADING OF MATERIAL.,POSTEDPOSTED 2 DAYS AGO·MORE...

**Source : https://www.indeed.co.in/jobs-in-Rajasthan**

सभी जानकारियां मात्र सूचना के लिए हैं वास्तविक जानकारी मूल स्त्रोत से प्राप्त करें। बिजनेस रेमेडीज की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

## TENDER'S IN RAJASTHAN

-Source- https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app

| S.N. | e-Published Date | Bid Submission Closing Date | Tender Opening Date | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09-11-2022 18:30 | 15-11-2022 18:00 | 17-11-2022 11:30 | Jaipur Development Authority\|\|Director - Engineering - II\|\|S.E. - 04\|\|Ex. En. - 01 |
| 2 | 09-11-2022 18:30 | 18-11-2022 18:00 | 21-11-2022 11:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Jaipur\|\|SE City Cr. Jaipur\|\|EE, City Dn-I(N) Jaipur |
| 3 | 09-11-2022 18:15 | 18-11-2022 18:00 | 22-11-2022 11:00 | DLB\|\|Dy.DR-Jodhpur\|\|EO-Mount abu |
| 4 | 09-11-2022 18:15 | 14-11-2022 18:00 | 15-11-2022 15:00 | PWD - CE AND AS\|\|ACE - KOTA\|\|SE-BARAN\|\|EE-SHAHBAD |
| 5 | 09-11-2022 18:15 | 18-11-2022 18:00 | 22-11-2022 11:00 | DLB\|\|Dy.DR-Jodhpur\|\|EO-Mount abu |
| 6 | 09-11-2022 18:00 | 18-11-2022 18:00 | 22-11-2022 11:00 | Rajasthan Housing Board - CE\|\|Addl. CE - III\|\|Dy.HC Jaipur Circle III Jaipur\|\|RE, Div. PHE-II, Jaipur |
| 7 | 09-11-2022 18:00 | 15-11-2022 11:00 | 15-11-2022 16:00 | Panchayati Raj Department\|\|Secretary and Commissioner\|\|CEO- HANUMANGARH\|\|BDO-NOHAR |
| 8 | 09-11-2022 18:00 | 15-11-2022 11:00 | 15-11-2022 16:00 | Panchayati Raj Department\|\|Secretary and Commissioner\|\|CEO- HANUMANGARH\|\|BDO-NOHAR |
| 9 | 09-11-2022 18:00 | 28-11-2022 12:30 | 28-11-2022 12:30 | RCDF- MD\|\|FSS- Narwa\|\|P and A |
| 10 | 09-11-2022 18:00 | 24-11-2022 14:00 | 25-11-2022 15:00 | Ajmer VVNL - MD\|\|CE (MM and O and M)\|\|SE - MM\|\|AEN 6 |
| 11 | 09-11-2022 18:00 | 15-11-2022 11:00 | 15-11-2022 16:00 | Panchayati Raj Department\|\|Secretary and Commissioner\|\|CEO- HANUMANGARH\|\|BDO-NOHAR |
| 12 | 09-11-2022 18:00 | 15-11-2022 11:00 | 15-11-2022 16:00 | Panchayati Raj Department\|\|Secretary and Commissioner\|\|CEO- HANUMANGARH\|\|BDO-NOHAR |
| 13 | 09-11-2022 18:00 | 18-11-2022 18:00 | 22-11-2022 11:00 | Rajasthan Housing Board - CE\|\|Addl. CE - III\|\|Dy.HC Jaipur Circle III Jaipur\|\|RE, Div. PHE-II, Jaipur |
| 14 | 09-11-2022 18:00 | 24-11-2022 14:00 | 25-11-2022 15:00 | Ajmer VVNL - MD\|\|CE (MM and O and M)\|\|SE - MM\|\|AEN 6 |
| 15 | 09-11-2022 18:00 | 28-11-2022 12:30 | 28-11-2022 12:30 | RCDF- MD\|\|FSS- Narwa\|\|P and A |
| 16 | 09-11-2022 17:50 | 18-11-2022 18:00 | 22-11-2022 11:00 | DLB\|\|Dy.DR-Jodhpur\|\|EO-Mount abu |
| 17 | 09-11-2022 17:35 | 18-11-2022 18:00 | 22-11-2022 11:00 | DLB\|\|Dy.DR-Jodhpur\|\|EO-Mount abu |
| 18 | 09-11-2022 17:30 | 29-11-2022 14:00 | 29-11-2022 17:00 | Rajasthan Tourism Development Corp. Ltd.\|\|Managing _ Director\|\|General Manager- Works |

# टाको के सहयोग से रणथंभौर टाइगर रिज़र्व के संरक्षण कार्यों में तेजी

## रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघ अभयारण्य एवं आसपास की आबादी की निगरानी बढ़ाने के मकसद से 6 पैट्रोल वाहनों में पहले को झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

**बिज़नेस रेमेडीज**
**सवाई माधोपुर**



वेदांता के जनकल्याण प्रभाग अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) के प्रोजेक्ट द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) के सहयोग से आज रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघ अभयारण्य एवं आसपास की आबादी की निगरानी और सतर्कता बढ़ाने के मकसद से 6 पैट्रोल वाहनों में पहले को झंडी दिखा कर रवाना किया गया। वेदांता की गैर-कार्यकारी निदेशक और टाको की एंकर प्रिया अग्रवालहेब्बार ने सवाई माधोपुर के विधायक एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के सलाहकार दानिश अबरार के साथ वाहन को झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर सवाई माधोपुर के जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला भी मौजूद थे।

प्रिया अग्रवालहेब्बार ने पशूओं की बेहतर देखभाल और कल्याण के अनुकूल परिवेश बनाने के लक्ष्य से टाको का गठन किया। शुरुआती बजट 100 करोड़ के साथ यह प्रोग्राम हरियाणा और राजस्थान में पहले से सेवारत है और कई अन्य भारतीय राज्यों में इसका विस्तार किया जाएगा। इससे पूर्व इसी वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर टाको ने वन विभाग, राजस्थान सरकार को 1 करोड़ रुपयों का योगदान दिया। इस राशि से वन विभाग के पैट्रोल वाहन खरीदे गए ताकि रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में निगरानी के साथ संरक्षण के मौजूदा प्रयासों में तेजी आए और इसकी बुनियादी व्यवस्था मज़बूत हो।

प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने इस अवसर पर कहा किर णथंभौर राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता का गढ़ है, जिसमें बड़ी संख्या में वनस्पति और जीव हैं। यहां बाघ जैसे सर्वोपरि शिकारी जंतु भी रहते हैं। टाको के सहयोग से प्राप्त पैट्रोल वाहन जैव विविधता के इस इकोलॉजिकल हॉटस्पॉट के संरक्षण में बहुत उपयोगी होंगे। ये वाहन वन रक्षकों को सशक्त बनाएंगे और निगरानी और सतर्कता व्यवस्था को मजबूत कर वन्यजीवों का सकल संरक्षण सुनिश्चित करेंगे।''

सवाई माधोपुर के विधायक और राजस्थान के मुख्यमंत्री के सलाहकार दानिश अबरार ने इस बारे में बताया कि बाघ हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं और रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान बाघों का नैसर्गिक आवास है। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के टाको ने इस अभयारण्य की पैट्रोलिंग व्यवस्था मजबूत करने की जो पहल की है मुझे उसकी हार्दिक खुशी है। राजस्थान सरकार भी समग्र वन्यजीव संरक्षण, अवैध शिकार की रोकथाम और जंतु कल्याण के लिए सुरक्षित परिवेश देने की ओर अग्रसर रही है। मुझे विश्वास है कि टाको की यह पहल इस दिशा में बड़ी सफलता दिलाएगी।''

सन् 2018 के सेंसस के अनुसार भारत में 2,967 बाघ हैं जो दुनिया के किसी देश में सर्वाधिक संख्या है। राजस्थान सरकार 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत बाघों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अवैध शिकार और अतिक्रमण रोकने की कई गंभीर पहल कर चुकी है। रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान देश के सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध बाघ अभयारण्यों में से एक है। यह राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में है। राजस्थान का यह राष्ट्रीय उद्यान 74 रॉयल बंगाल टाइगर का अभयारण्य होने के लिए मशहूर है। इतना ही नहीं, इस राष्ट्रीय उद्यान में कई अन्य जंतु रहते हैं जिनमें स्लाथ बेयर, सियार, चीतल (चित्तकबरा हिरण), दलदल के मगरमच्छ, पाम सिवेट और तेंदुए भी शामिल हैं।



# Amazon.in पर 'होम शॉपिंग स्प्री' के दौरान सर्दी के मौसम में ठंड को दीजिए मात

## गीजर, कंबल, कम्फर्टर, थर्मल, फ्लास्क, ओवन, केतली, मच्छरदानी, ऑफिस चेयर आदि जैसे होम एवं किचन प्रोडक्ट की विस्तृत श्रृंखला के साथ कीजिए खरीदारी

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

Amazon.in पर होम शॉपिंग स्प्री के साथ एक ही छत के नीचे आप सर्दी के मौसम से जुड़ी की जरूरी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। यहां शॉपिंग करते हुए ग्राहक 12 नवंबर और 13 नवंबर 2022 को कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं और एयर प्यूरीफायर, रूम हीटर, गीजर, कंबल, कम्फर्टर, दोहर, थर्मल, फ्लास्क, कैसरोल, ओवन, केटल्स, एयर फ्रायर, कारपेट, रग्स, डोरमैट, बारबेक्यू, चारकोल ग्रिल, राइडिंग ग्लव्स आदि जैसे होम एवं किचन अप्लायंसेस सहित सर्दी के मौसम से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं पर 70 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

Amazon.in पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान, ग्राहक फेडरल और बैंक ऑफ बड़ौदा कार्ड और EMI पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, वे यहां कूपन एकत्र कर सकते हैं और 1500 रुपये और उससे अधिक की खरीद पर 150 रुपये तक 10 प्रतिशत कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों को वेगा, बजाज, हैवेल्स, क्रॉम्पटन, मिल्टन, फिलिप्स, यूरेका फोर्ब्स, उषा, लिवप्योर, स्लीपी कैट, मोर्टिन, प्लांटेक्स, ग्रीन सोल जैसे कुछ बेहतरीन ब्रांडों पर बचत करने का मौका भी मिलेगा। इसके अतिरिक्त, बाल दिवस पर, किड्स कार्निवल स्टोर से अपने बच्चों को उनके कमरे, स्कूल और हॉबी के लिए हर जरूरी चीज की खरीदारी करते हुए उन्हें खुश कर दें।

**भाग लेने वाले विक्रेताओं के कुछ ऑफ़र दिए गए हैं:**

**विंटर अप्लायंसेज पर टॉप ऑफर्स :** 50 प्रतिशत तक की छूट/ इंस्टेंट गीजर। 50 प्रतिशत तक की छूट/स्टोरेज गीजर। 599 रुपये से शुरू/ इमर्शन रॉड। 40 प्रतिशत तक की छूट/रूम हीटर। 40 प्रतिशत तक की छूट/ एयर प्योरीफायर। 40 प्रतिशत तक की छूट/कैटल, ओवन और एयर फ्रायर। 40 प्रतिशततक की छूट / एग बॉयलर। 40 प्रतिशत तक की छूट/ ओवन। 50 प्रतिशत तक की छूट/बारबेक्यू ग्रिल।

**किचन एवं होम अप्लायंसेस पर टॉप ऑफर :** 4 0 प्रतिशत तक की छूट/ सोलर लाइट्स। 40 प्रतिशत तक की छूट/ थर्मल फ्लास्क। 6 0 प्रतिशत तक की छूट/ बेकिंग प्रोडक्ट। 299 से शुरू होने वाले कैसेरोल/गरमागरम और ताज़ा खाना परोसें। 499 रु. से शुरू/ डिनर सेट। 99 रुपये से शुरू/ डेकोरेटिव लाइट्स। 10प्रतिशत तक की छूटप्रतिशत कॉफी मशीन। 40 प्रतिशत तक की छूट/कोस्टर्स। 20 प्रतिशत तक की छूट/ क्लीनिंग टिश्यू। मिल्टन, फिलिप्स, उषा आदि जैसे टॉप ब्रांडों के होम प्रोडक्ट पर बेस्ट डील्स

**होम डेकोर, फर्निशिंग और फ़र्नीचर पर टॉप ऑफ़र :** यूरोफ्लेक्स, स्लीपी कैट, होमटाउन, होम सेंटर, द स्लीप कंपनी आदि जैसे टॉप ब्रांडों के फर्नीचर पर बेस्ट डील्स

**सोफ़ा और रेक्लाइनर्स :** बेड्स पर 60 प्रतिशत तक की छू/अपने बेड पर लीजिए चैन की नींद। गद्दे पर 60 प्रतिशत तक की छूट/अपने आरामदायक गद्दों पर पाएं सुकून। 70 प्रतिशत तक की छूट।कंबल, कम्फर्टर, दोहर आदि। 70 प्रतिशत तक की छूट/ कारपेट, रग्स और डोरमैट। 60 प्रतिशत तक की छूट/ अमेजन सोलिमो ब्लेंकेट और कम्फर्टर्स। 60 प्रतिशत तक की छूट/ सर्दियों के लिए क्लोथ स्टोरेज व अन्य है।

# जयपुर में 'मेगा जॉब फेयर' 14 नवम्बर को, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**



कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए 14 नवम्बर को स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में 'मेगा जॉब फेयर' आयोजित किया जाएगा। आयुक्त रेणु जयपाल ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और तैयारियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

रेणु जयपाल ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की बैठक व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन, हेल्प डेस्क, कम्पनियों की स्टॉल्स सहित सभी व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जॉब फेयर में आने वाले आशार्थियों के लिए सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से की जाए। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। रजिस्ट्रेशन से लेकर कम्पनियों में रोजगार पाने तक की पूरी प्रक्रिया आसान हो। हेल्प डेस्क की ऐसी व्यवस्था हो, जहां उन्हें आवश्यक हर मदद मिल जाए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के मुताबिक सभी तैयारियां तय समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

आयुक्त जयपाल ने बताया कि इस एक दिवसीय जॉब फेयर में विभिन्न सेक्टर की 50 से अधिक नामी कंपनियां भाग लेंगी, जो मौके पर ही युवाओं को प्लेसमेंट देंगी। उन्होंने बताया कि रोजगार पाने के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की ओर से जारी क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

इस अवसर पर आरएसएलडीसी के महाप्रबंधक खेमाराम यादव, सतीश महला, डीपी सैनी सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं रोजगार विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेहतरीन समन्वय से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं : राजेश्वर सिंह

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने आगामी 12 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए राजस्व मंडल प्रशासन एवं राजस्व मंडल बार एसोसिएशन के बीच बेहतरीन तालमेल स्थापित कर कार्य निष्पादन का श्रेष्ठतम उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कही।

बुधवार को अजमेर स्थित राजस्व मंडल सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक अदालत काश्तकार वर्ग को राहत प्रदान करने का सबसे उचित अवसर है ऐसे में हमें विधिक प्रावधानों के आधार पर अधिकाधिक पक्षकारों को लाभ पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक एवं प्रभावी ढंग से प्रयास करने की महती आवश्यकता है। उन्होंने राजस्व मंडल पीठ एवं राजस्व बार के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके सार्थक परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोक अदालत से पूर्व मंडल स्तर पर और भी बेहतर कार्य योजना बनाकर ठोस परिणाम देने के प्रयास किए जाएंगे। राजस्व मंडल सदस्य गणेश कुमार ने कहा कि सभी अभिभाषक पूर्ण इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए अधिकाधिक राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री रामपाल जाट ने कहा कि चयनित प्रकरणों में अधिकांश निस्तारण योग्य प्रकरण शामिल हैं ऐसे में अभिभाषकगण इनके निस्तारण में अपनी महती भूमिका अदा करें।

# मेकमायहाउस ने भारत में किया विस्तार, 60 शहरों में पार्टनर प्रोग्राम पेश किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

ऑनलाइन आर्किटैक्चरल और इंटीरियर डिजाइनिंग सर्विस प्लेटफार्म मेकमायहाउस ने एक नया पार्टनर्स प्रोग्राम पेश किया है जिसके तहत, देशभर में आर्किटैक्चरल, कंस्ट्रक्शन और डिजाइन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर कंट्राक्टर्स और इंजीनियर्स के साथ भागीदारी की गई है। मेकमायहाउसडॉटकॉम ने अपने पार्टनर्स प्रोग्राम के जरिए देशभर के 60 शहरों में पार्टनरशिप की योजना बनायी है जिनमें से लखनऊ, पटना, हैदराबाद, जयपुर तथा बेंगलुरु में इसे लागू किया जा चुका है।

हुसैन जौहर, मेकमायहाउस के क्रिएटिव हैड एवं को-फाउंडर, ने कहा, कि ज़्यादातर ग्राहक एक ही स्थान से सभी तरह की सुविधाओं का लाभ उठाना चाहते है। वे चाहते हैं कि एक ही कंपनी से डिजाइन, प्लानिंग और यहां तक कि एग्जीक्युशन की सेवाएं मिल जाएं। अपने ग्राहकों को 100त्न संतुष्टि प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते हमने अपने पार्टनर प्रोग्राम को पेश किया है जो सभी गतिविधियों को सुगमतापूर्वक सुनिश्चित करने के साथ-साथ हमारे ग्राहकों को स्थानीय स्तर पर सहायता भी देता है और वे पार्टनर सेंटर में जाकर अपनी आवश्यकतानुसर सेवाएं ले सकते हैं। मेकमायहाउस ने ऐसे स्थानीय सहयोगियों को इस प्रोग्राम से जोड़ा है जिनके पास कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में काम करने का 5 वर्षों से भी अधिक लंबा अनुभव है। कंपनी ने एक कोर टीम भी बनायी है जो उनके काम पर निगरानी रखेगी ताकि कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्त सुनिश्चित की जा सके। हुसैन ने कहा, कि यह पहल हमारे ग्राहकों और एसोसिएट्स दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगी। यह प्रोग्राम हमारी सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हुए हमारे ग्राहकों के लिए भी आवश्यक सेवाएं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराएगा। लोकल एसोसिएट्स के साथ भागीदारी के चलते हमारी सेवाएं अधिकतम ग्राहकों के लिए सुलभ होंगी और बहुत से लोगों को रोज़गार के अवसर भी प्रदान करेंगी। हमने एक रिलेशनशिप मैनेजर टीम भी नियुक्त की है। प्रत्येक एसोसिएट के साथ एक रिलेशनशिप मैनेजर को भी संबद्ध किया गया है जो सहायता के लिए 8*7 उपलब्ध रहेगा।

मेकमायहाउस अब तक 14,000 से अधिक प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। मध्य-पूर्वी देशों में कंपनी के विस्तार तथा स्मार्ट सर्विस डिजाइन एवं डिलीवरी के चलते इसने 33त्न की शानदार बिज़नेस ग्रोथ भी दर्ज करायी है। कंपनी ने 2022 की पहली तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में 40 प्रतिशत बढ़त की है। प्लेटफार्म ने हाल में अपनी एप्लीकेशन में एक चैट फीचर भी जोड़ा है जो ग्राहकों की पूछताछ के लिए एक सपोर्ट पर्सन उपलब्ध कराएगा जिसके जरिए वे जरूरी जानकारी ले सकते हैं।

# बैंक ऑफ इंडिया ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

**बिज़नेस रेमेडीज।**सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक- बैंक ऑफ इंडिया ने 31 अक्टूबर, 2022 से 06 नवंबर, 2022 तक अपने सभी कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के आदेश पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर सार्वजनिक संगठनों द्वारा हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 'एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' विषय के साथ किया गया। भ्रष्टाचार विकास के सबसे बड़े अवरोधकों में से एक है और इसलिए यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सार्वजनिक जीवन से भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में काम करे ताकि हमारा देश तेजी से विकसित हो सके। सप्ताह भर चलने वाले उत्सव के




दौरान, देश भर के सार्वजनिक संगठन विभिन्न पहल कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर अपने कर्मचारियों और नागरिकों के बीच भ्रष्टाचार मुक्त समाज के संदेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं।

बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शाखाओं और कार्यालयों के माध्यम से कई आउटरीच कार्य म शुरू किए हैं जैसे बैनरों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, ग्राहक बैठकें, ग्राम सभा, स्कूलों और कॉलेजों में वाद-विवाद और प्रतियोगिताएं, कर्मचारियों के बीच प्रश्नोत्तरी, भ्रष्टाचार की बुराइयों के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने और एक बेहतर राष्ट्र के लिए इसे मिटाने के प्रयासों के लिए सेमिनार आदि। बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय में सप्ताह भर चलने वाला उत्सव 31 अक्टूबर, 2022 को अखंडता और एकता की प्रतिज्ञा के साथ शुरू हुआ, इसके बाद बीकेसी में एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया और 5 नवंबर 2022 को सुरेश एन पटेल, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और पी डैनियल सचिव सीवीसी द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमडी और सीईओ ए के दास, सीवीओ एल एन रथ और सभी शीर्ष अधिकारियों और अधिकारियों ने भी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सीवीसी ने अपने संबोधन में बैंक द्वारा किए जा रहे विभिन्न निवारक सतर्कता प्रयासों की सराहना की, सभी कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया और ईमानदार कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा का आश्वासन दिया।

# ऑप्टम स्टार्टअप स्टूडियो इंडिया ने पहला समूह लॉन्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज/गुरुग्राम।** ऑप्टम ग्लोबल सोल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद (आईआईआईटीएच) के साथ साझेदारी में पहले ऑप्टिम स्टार्टअप स्टूडियो इंडिया समूह (कोहॉर्ट) की स्थापना की। इस समूह में पांच हेल्थकेयर स्टार्टअप्स शामिल हैं। मेडटेल का रिमोट पेशेंट मॉनिटिरिंग प्लेटफॉर्म प्रोवाइडर्स और मेंबर्स को वास्तविक समय में आंकड़ों का विश्लेषण पेश करता है, जिससे बीमारी में सुधार होने में मदद मिलती है, और पुरानी बीमारियों का मैनेजमेंट आसानी से किया जा सकता है और संपूर्ण आबादी का स्वास्थ्य प्रबंधन करने में सहयोग मिलता है। इनकी हेल्थ किट में इस प्लेटफॉर्म पर एकीकृत



इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) से सक्षम डिवाइसेज शामिल हैं। ग्रेलमेकर इनोवेशन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सक्षम सॉफ्टवेयर-ऐज-ए-सर्विस ऐप चिकित्सा के खर्च की लागत को कम करने, इलाज के बेहतर नतीजे हासिल करने और रोग को गंभीर होने से रोकने की डॉक्टरों को इजाजत देता है। इससे बच्चों में कोर्टिकल विचुअल इम्पेयरमेंट (सीवीआइ) की समस्या को सुधारा जा सकता है। डैफोडिल हेल्थ का पीडियाट्रिक बिहेवियरल हेल्थ प्लेटफॉर्म उन बच्चों के इलाज के लिए घर पर किफायती सेवाएं मुहैया कराता है जिसमें देरी से विकास की समस्या होती है। नेमोकेयर आईओटी-इनेबल्ड वियरेबल डिवाइस प्रदान करता है, जिसमें नवजात शिशुओं के लिए किफायती, सबकी पहुंच में शामिल और पूर्ण रूप से सटीक मेडिकल ग्रेड मॉननिटरिंग सोल्यूशन होते हैं। जिससे नवइत शिशुओं को बिना किसी जरूरत के अस्पताल में भर्ती कराने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

# जयपुर में 'जयश्री पेडीवाल इंटरनेशनल प्री-स्कूल' का उद्घाटन

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर।** जयश्री पेडीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के ताज में एक और नगीने के रूप में 'जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल प्री-स्कूल' का नाम शामिल हो गया है। यह स्कूल इस ग्रुप का 10वाँ विद्यालय है जो डी-5-बी, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम में खोला गया है। बड़े ही हर्षोल्लास पूर्ण परिवेश में राजस्थान स्मॉल इंडस्टीज कॉपारेरेशन लिमिटेड और राजस्थान एक्पोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने इसका शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जयश्री पेड़ीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल की निदेशिका डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने कहा कि, शहर में यह एक मात्र और पहला ऐसा स्कूल है जो अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप है। यहाँ बच्चों को इन्नोवेटिव बनाने के साथ-साथ स्नेहपूर्ण और सकारात्मक वातावरण के बीच भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यालय में छात्र-शिक्षक अनुपात सामान्जस्य पूर्ण है तथा योगा केन्द्र के साथ-साथ यहाँ सभी कक्षाएँ वातानुकूलित हैं। विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की नींव रखता है। बच्चों में पढ़ाई की ललक के लिए प्रत्येक कक्षा-कक्ष में छोटे पुस्तकालय बनाये गए हैं। भव्य थियेटर, टॉकिंग वॉल और प्रयोगशालाएं छात्रों के शिक्षण और अन्य कलाओं को विकसित करने में मील का पत्थर साबित होगी। बच्चों की सुरक्षा हेतु सुरक्षित आउटडोर, घास युक्त खेल मैदान, कुशन की दीवारें बनायी गयी हैं। बच्चों का विशेष ध्यान रखने के लिए एक एक्सप्लोरेशन सेन्टर भी बनाया गया है। निश्चित ही यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह स्कूल जयपुर के उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अपने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा दिलाने हेतु उत्सुक हैं।










PHYSICO-MECHANICAL TESTS

| Name of Test | Standard | | |
|---|---|---|---|
| | ASTM | EN | IS |
| Bulk Density | ASTM C97/C97M-18 | | |
| Bulk Specific Gravity | ASTM C97/C97M-18 | | |
| Water Absorption | ASTM C97/C97M-18 | EN 13755:2008 | IS 1124:1974 |
| Compressive Strength | ASTM C170/C170M-17 | EN 1926:2006 | IS 1121:2013 |
| Abrasion Resistance | ASTM C241/C241M-21 | EN 14157:2017 | |
| Modulus of Rupture | ASTM C99/C99M-18 | | |
| Flexural Strength | ASTM C880/C880M-18 | EN 12372:2022 | |
| Slip Resistance Value with the British Pendulum Tester | ASTM E 303:2018 | EN 14231:2004 | |
| Specular Gloss | ASTM D 523:2014 | | |
| Rupture Energy or Impact Resistance | | EN 14158:2004 | |
| Frost Resistance (Freeze Thaw Resistance) | | EN 12371:2010 | |
| Resistance to Salt Crystallization | | EN 12370:2020 | |
| Water Absorption Coefficient by Capillarity | | EN 1925:1999 | |
| Resistance to Ageing by Thermal Shock | | EN 14066:2013 | |
| True Specific Gravity | | | IS 1122:1974 |
| Durability | | | IS 1126:2013 |
| Apparent Specific Gravity and Porosity | | | IS 1124:1974 |
| Hardness of Stone by Moh's Scale | CDOS/TP/23 | | |

CHEMICAL ANALYSIS

| Type of Rocks | Radicals |
|---|---|
| Marble, Limestone, Sandstone, Quartzite, Granite, Slate, Schist etc and. Industrial Minerals | CaO, MgO, SiO2, LOI, Fe2O3 and Al2O3 |


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक पुनीत जैन द्वारा 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित एवं आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166, पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2021-23, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com, businessremedies@yahoo.com